हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री


सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने अवैध पार्किंग



## खबर संक्षेप

### मोतीबाग बना उत्कृष्ट गुणवत्ता वाला कारखाना

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन का मोतीबाग को रेलमंत्री उत्कृष्ट गुणवत्ता कारखाना शील्ड से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान को जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से ग्रहण किया है। मोतीबाग कारखाना ने पीरियॉडिक ओवरहॉलिंग के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। वर्ष 2022-23 में 106 कोचों का पीओएच किया गया था, वहीं वर्ष 2024-25 में 371 कोचों का पीओएच सफलतापूर्वक संपन्न कर करीब 250 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है। गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हुई है।

### 13 दिन तक बंद किया जाएगा जुठही अंडरब्रिज

**बिलासपुर।** सड़क एवं हाइटगेज मरम्मत कार्य के लिए जुठही अंडरब्रिज का रास्ता 13 दिन के लिए बंद किया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत जयरामनगर स्टेशन से लटिया केबिन के बीच पर जुठही अंडरब्रिज को 13 जनवरी की सुबह 8 बजे से 26 जनवरी की सुबह 8 बजे तक आवश्यक सड़क एवं हाइटगेज मरम्मत हेतु पूर्ण रूप से सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। इस अवधि में लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में पाराघाट अंडरब्रिज एवं समपार जयरामनगर फाटक रखा गया है, जहां से वाहन चालक और अन्य लोग आना-जाना कर सकते हैं।

हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई आज, बृहस्पति बाजार मामले में पेश होगा पूरी योजना का खाका

# प्रशासकीय स्वीकृति के साथ मिली 14 करोड़ की राशि, बनेगा मल्टीलेवल सब्जी मार्केट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना को प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। इसके लिए जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) से 14 करोड़ रुपए की राशि भी निगम को मिल गई। साथ ही निगम ने इसके लिए वर्क आर्डर भी जारी कर दिया है और जल्द काम शुरू होने की बात कही है। हालांकि सबसे पहले काम फिलहाल बृहस्पति बाजार की शिफ्टिंग का है। हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई 14 जनवरी को होनी है। इसमें निगम द्वारा पूरी योजना और व्यापारियों की व्यवस्था के संबंध में जवाब पेश किया जाएगा। निगम का कहना है कि सब्जी व्यापारियों को गोंड़पारा में शेड और चबुतरे बनाकर दिया जाएगा। व्यापारियों को परेशानी नहीं होगी। साथ ही बाजार बनने के बाद बेहतर और बड़ी जगह व्यापार के लिए मिल जाएगी।

गौरतलब है कि शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना दो साल से चल रही है। निगम दो सालों में इसके लिए जगह ही तय नहीं कर सका। अब अधिकारी इसे नए सिरे से शुरू करने की बात कह रहे हैं। इसके लिए निगम की टीम पिछले कुछ दिनों से बृहस्पति बाजार का सर्वे कर रही है। इस दौरान दुकानों में क्या कारोबार हो रहा, किराएदार है कि मालिक और कितने वर्गफिट की दुकानें हैं कि रिपोर्ट तैयार की गई। इसके बाद 16 दिसंबर की शाम को निगम अमले ने बाजार क्षेत्र की सभी दुकानों में नोटिस चस्पा कर दिया।

सब्जी व्यापारियों को गोंड़पारा में शेड और चबूतरे बनाकर शिफ्ट किया जाएगा




### 450 चबूतरे और 32 गोदामनुमा दुकानें

गौरतलब है कि मौजूदा स्थिति में बृहस्पति बाजार में 450 चबूतरे और 30 से ज्यादा गोदामनुमा दुकानें हैं लेकिन, चिल्हर में सब्जी बेचने वालों की संख्या 600 से ज्यादा है।ऐसे में इन्हें बाजार के बाहर सड़क किनारे अस्थायी सब्जी दुकान लगानी पड़ती है। इसी तरह ऐसे भी सब्जी बेचने वाले हैं, जिन्हें दुकान लगाने के लिए जगह तक नहीं मिल पाती। ऐसे में इन्हें फेरी लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सब्जी खरीदने पहुंचने वालों को भी अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। इस तरह की दिक्कतों को देखते हुए ही डीएमएफ फंड से मल्टी लेवल सब्जी बाजार निर्माण का निर्णय लिया गया है।

### इस तरह का बनाया गया है पूरा प्रोजेक्ट

निगम ने जो योजना बनाई है उसके तहत इस मल्टी लेवल सब्जी मार्केट के बेसमेंट में पार्किंग व्यवस्था होनी है। एक तरह से यह सुपर मार्केट या माल की तरह बनाया जाना है। प्रथम तल पर सब्जी विक्रेताओं के लिए 217 चबूतरे बनाए जाएंगे। इसका साइज 9 बाई 10 के आकार का रहेगा। प्रत्येक चबूतरे के नीचे स्टोरेज के लिए दरवाजे की सुविधा के साथ स्थान भी रहेगा। द्वितीय तल पर थोक सब्जी विक्रेताओं के लिए 37 दुकानें और हाल बनाई जाएंगी। दोनों तरफ से सीढ़ी और लिफ्ट की सुविधा भी रहेगी तो साथ ही महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग वाशरूम बनना है। इसके साथ ही भवन के बेसमेंट में 50 कार और 170 बाइकों के लिए पार्किंग बननी थी। आगजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम की भी योजना है।

### धूल उड़ रही है तो शेड और चबूतरे नहीं बनाए

बृहस्पति बाजार के 450 से अधिक चबूतरे वालों को सात दिन में जगह खाली करने का नोटिस जारी किया था। साथ ही नए रिवर व्यू में शिफ्ट होने कहा गया था। इसके खिलाफ व्यापारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें निगम की नोटिस को गलत बताया गया था। व्यापारियों की ओर से कहा गया था कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के निगम सब्जी व्यापारियों को जो कि सालों से उसी जगह पर अपना बाजार कर रहे हैं हटा रहा है। नई जगह पर निगम ने कोई व्यवस्था भी नहीं की है। रिवर व्यू में धूल उड़ रही है तो शेड और चबूतरे नहीं बनाए गए हैं। सब्जियों के साथ ही व्यापारियों की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मामले की सुनवाई बुधवार 14 जनवरी को होगी।

### जल्द काम शुरू करेंगे

बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना को प्रशासकीय स्वीकृति के साथ ही डीएमएफ से 14 करोड़ रुपए की राशि भी निगम को मिल गई है। वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है। व्यापारियों को गोंड़पारा में शिफ्ट करते हुए योजना पर काम किया जाएगा।

**- खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त
नगर निगम


पुलिसकर्मियों के साथ गिरफ्त में दो आरोपी।

# कोल ट्रेडिंग का प्रोपाइटर बताकर 68 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोल ट्रेडिंग का प्रोपाईटर बताकर 68 लाख की ठगी करने वाले पति-पत्नी सहित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से ठगी की रकम जब्त नहीं कर पाई है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि उज्जैन इंदिरा नगर आगर निवासी अरविंद सिंह पवार पिता राजेन्द्र सिंह पावर ने रिपोर्ट लिखाई कि वह गुरूप्रकाश बायो फ्यूल, गुरू एग्रो ब्रिकेट्स एवं प्रकाश लोक बायो फ्यूल के नाम से व्यवसाय करते हैं। मार्च 2025 में इसी सिलसिले में अतिक उर रहमान उर्फ राजा खान उनसे मिलन के लिए सेंट्रल पाइंट होटल बिलासपुर आया और बताया अपने व्यापार के साथ साथ कोयले के व्यवसाय में रकम निवेश करो इससे ज्यादा लाभ मिलेगा। उनके परिचित के सोनम कश्यप एवं नहरू साहू कोयले का बड़े पैमाने पर व्यापार करते हैं। जिससे व्यापारिक लाभ मिलने की आशा में राजा खान के बातों पर विश्वास करते हुए सोनम कश्यप एवं नहरू साहू के साथ मीटिंग फिक्स किया। सोनम कश्यप ने स्वयं को एसएस कोल ट्रेडिंग का प्रोपाइटर बताते हुए कोयला खरीदने के लिए रकम निवेश करना पड़ेगा, उसमें से जितना कोयला बिक्री होगा उसका 5 दिन में मुनाफा प्रति टन 200 - 500 के हिसाब से मिलना बताया। जिससे उनके बातों पर विश्वास करके अपने फर्म के खाते से एवं नकदी मिलाकर अलग अलग तिथियों में 67 लाख 97 हजार, 374 रुपए दे दिया। रकम वापस मांगने पर तीनों टाल मटोल करने लगे।

पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के जुर्म दर्ज कर आरोपी नहरू उर्फ नहेरू साहू पिता भीष्म साहू 37 साल शांतिनगर बहरामुड़ा तिफरा हालमुकाम रामकृष्ण नगर मोपका, उसकी पत्नी सोनम कश्यप, आतिक उर रहमान उर्फ राजा खान पिता मो. रफीक 37 साल राजस्व कालोनी निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

# सीयू में खाने को लेकर हंगामा, छात्रों ने घेरा कुलपति बंगला व प्रशासनिक भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सेंट्रल यूनिवर्सिटी में घटिया खाने को लेकर गतिरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार की रात अंबेडकर छात्रावास के 50 से अधिक लड़कों ने एक बार फिर कच्ची सब्जी और बासी रोटी परोसे जाने पर जमकर हंगामा मचाया। छात्रों ने हास्टल में हंगामा मचाने के बाद कुलपति बंगले और प्रशासनिक भवन का घेराव कर दिया। कुलपति के बाहर होने की जानकारी मिलने के बाद छात्रों ने हाय हाय के नारे लगाए और वार्डन को हटाने की मांग की। इस दौरान कोनी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों की व्यवस्था में सुधार के आश्वासन के बाद छात्र शांत हुए और लौटे। ध्यान रहे कि इससे एक दिन पहले भी सेंट्रल यूनिवर्सिटी में खाने और आलू गुंडा मांगने पर मेस प्रभारी ने एक छात्र को चाकू से मारने दौड़ाया था।

- **देर रात अंबेडकर छात्रावास के 50 से अधिक लड़कों ने किया प्रदर्शन**

आंबेडकर हॉस्टल में रहने वाले छात्रों ने मंगलवार को मेस व्यवस्था से नाराज होकर कुलपति बंगले का घेराव किया। छात्रों का आरोप है कि हॉस्टल मेस में लंबे समय से भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। छात्रों ने बताया कि कई बार वार्डन स्तर पर शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। भोजन में गुणवत्ता की कमी, साफ-सफाई का अभाव और बार-बार खराब खाना परोसे जाने से छात्र परेशान हैं। मजबूरन छात्रों को अपनी मांगों को लेकर कुलपति बंगले का घेराव करना पड़ा।

प्रदर्शन के दौरान चीफ वार्डन सहित विश्वविद्यालय के कई शिक्षक छात्रों से मिलने पहुंचे और बातचीत की। छात्रों ने कहा कि अब तक उन्हें मेस टेंडर बदलने को लेकर कोई स्पष्ट और ठोस आश्वासन नहीं मिला है। इसी कारण छात्र अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं।

### पढ़ाई, स्वास्थ्य दिनचर्या पर असर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और एनएसयूआई ने भी छात्रों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि ऐसे मेस टेंडर धारकों को तत्काल हटाया जाना चाहिए जो छात्रों को पौष्टिक और स्वच्छ भोजन देने में विफल हैं। एबीवीपी का कहना है कि लगातार खराब भोजन मिलने से छात्रों पर मानसिक दबाव बढ़ता है, जिसका सीधा असर उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य और दिनचर्या पर पड़ता है। छात्रों और एबीवीपी ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि मेस टेंडर की जल्द समीक्षा कर नया और भरोसेमंद टेंडर जारी किया जाए, ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिल सके। छात्रों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

श्री हरिकिशन फूड्स कोटा में अधिकारियों का छापा

# राइस मिल सील, साढ़े सात करोड़ का धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा स्थित श्री हरिकिशन फूड्स नामक राइस मिल में मंगलवार को खाद्य विभाग की टीम ने आकस्मिक जांच की। इस दौरान संचालक द्वारा उपार्जन केंद्र से 27 हजार क्विंटल धान का उठाव करना पाया गया, लेकिन मिल परिसर में केवल 24 हजार क्विंटल धान ही उपलब्ध पाया गया। धान की रिसायकलिंग की आशंका पर टीम द्वारा तत्काल प्रभाव से मील को सील करने की कार्रवाई करते हुए सात करोड़ का धान भी जब्त कर लिया गया है।

कोटा ब्लॉक अंतर्गत कोटा में संचालित श्री हरिकिशन फूड्स नामक राइस मिल को कटस्म मिलिंग के लिए पंजीकृत किया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले की टीम द्वारा उक्त राइस मिल की मंगलवार को आकस्मिक जांच की गई। राइस मिलर द्वारा वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 27 हजार क्विंटल धान का उठाव किया गया है। जाँच के दौरान टीम के द्वारा भौतिक सत्यापन करने पर 24 हजार 109.20 क्विंटल धान ही उपलब्ध होना पाया गया। इस प्रकार मिलर द्वारा समिति से उठाव किए गए 2 हजार 890.80 क्विंटल धान मिल परिसर में उपलब्ध नहीं होना पाया गया।

मिल संचालक रितेश अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल का उपरोक्त कृत्य छत्तीसगढ़ चावल उपार्जन आदेश 2016 का उल्लंघन है। उपरोक्तानुसार अनियमितता पाए जाने एवं धान की रिसायकलिंग की आशंका के मद्देनजर धान के स्टॉक 24 हजार 109.2 क्विंटल धान को जब्त किया गया है, तथा राइस मिल श्री हरिकिशन फूड्स को सील कर दिया गया है। जब्त शुदा धान की कुल कीमत सात करोड़ सैतालिस लाख सैतीस हजार नौ सौ रुपए बताई गई है।

मिलिंग में लापरवाही



उठाव की तुलना में कम मिला



### कार्रवाई जारी रहेगी

उपार्जन केंद्र से धान का उठाव अधिक होने, लेकिन मिल परिसर में करीब 29 सौ क्विंटल मात्रा कम पाए जाने के बाद धान के रिसाइकलिंग की आशंका पर कोटा के राईस मिल को सील करने की कार्रवाई की गई है। इस दौरान करीब साढ़े सात करोड़ मूल्य का धान भी जब्त किया गया है। आकस्मिक जांच की यह कार्रवाई फिलहाल सतत जारी रहेगी।

**- अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक




मा. श्री धर्मजीत सिंह जी
विधायक- तखतपुर
श्रीमती शशि धर्मजीत सिंह ठाकुर
उपाध्यक्ष-बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड
श्री दिनेश राजपूत (गुरूजी)
को जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा
बिलासपुर शहर बनने पर एवं
श्रीमती शशि धर्मजीत सिंह ठाकुर
को उपाध्यक्ष
बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड बनने पर
एवं मकर सक्रांति की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. श्री आलोक सिंह ठाकुर जी
प्रदेश अध्यक्ष- किसान मोर्चा
बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के उपाध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए श्री दिनेश राजपूत (गुरूजी)
HAPPY Makar Sankranti
राजेन्द्र सिंह राजपूत
भाजपा सदस्य
संकलनकर्ता
टेकचंद कारड़ा
हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




शिविर

## बीईसी फर्टिलाईजर्स में रक्तदान शिविर, 22 यूनिट संग्रहित



**बिलासपुर।** बीईसी फर्टिलाईजर्स के संयंत्र परिसर में बिलासा ब्लड सेन्टर के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान 22 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान करने वाले सभी कर्मचारियों को सर्टिफिकेट, उपहार प्रदान किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन की प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित एवं चिकित्सकीय निगरानी में संपन्न किया गया। इस अवसर पर बीईसी फर्टिलाईजर्स के वाईस प्रेसिडेन्ट एन एस राजू के द्वारा बताया गया कि रक्तदान एक प्रकार से निस्वार्थ सेवा है जो कि मानवता का सबसे बड़ा कर्तव्य है। जिसका मुख्य उददेश्य अस्पतालों में रक्त की कमी को पूरा करना और जरूरतमंदों को जीवनदान देना है। रक्तदान से ना केवल दूसरों की जान बचती है बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बीईसी फर्टिलाईजर्स की ओर से तिरथ राज सिंह, जी के श्रीवास्तव, नितिन जेम्स, संतोष सालूंके एवं बिलासा ब्लड सेन्टर की ओर से सौराज गौतम, सोनल रघुवंशी एवं परिजात दुबे मौजूद थे।

कार्यक्रम

## कर्मा, सुआ, डंडा नृत्य की प्रस्तुति से कलाओं का किया प्रदर्शन



**बिलासपुर।** गोंडवाना किला महल लिम्हा गढ़ में वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि ज्येष्ठ नागरिक संघ के सचिव सत्यभामा अवस्थी रहें। इस अवसर पर ज्येष्ठ नागरिक संघ द्वारा साड़ी एवं कंबल वितरित किया गया। छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक कान्फडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश देवरस ने गोंडवाना किला महल वार्षिकोत्सव में शहीद वीर नारायण सिंह को श्रद्धांजलि दी। अतिथियों के स्वागत में कर्मा नृत्य,रेला पाटा नृत्य, सुआगीत, बैंगा नृत्य, डंडा नृत्य, सहित आदिवासी समाज के सभी कलाओ का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर, ज्ञान आधार शास्त्री,ज्येष्ठ नागरिक संघ के राघवेन्द्र धर दीवान,महेश श्रीवास, सुदेश दुबे साथी, डॉ एम सी खुशरो,फाग सिंह सरोटे, प्रहलाद सिंह कोरम,दूज राम, संतोष मरावी, संतोष मरावी सहित आदिवासी समाज के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल रहे।

आयोजन

## स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं को बताया, किया प्रेरित



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में डॉ यू के श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आर के सचदेव के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो एल के गवेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम स्वामी विवेकानंद के शाश्वत विचारों से प्रेरित होकर जागृत मन से अपने उद्देश्यपूर्ण कार्यों को दुनिया पर प्रभाव दिखाने के लिए कार्य करना चाहिए । प्रो बी के त्रिपाठी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के ध्येय वाक्य उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए के बारे में बताया एवं डॉ प्रेमलता वर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन उनकी कहानी और उनके प्रसिद्ध भाषणों और उद्धरणों के माध्यम से छात्रो को प्रेरित किये । कार्यक्रम का शुभारंभ निधि विश्वकर्मा और युवराज सिंह द्वारा सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ श्वेता श्रीवास ने किया। कार्यक्रम में डॉ रामेश्वरी बंजारा, अतिथि व्याख्याता,कर्मचारी और छात्र -छात्राएं उपस्थित रहें।

धर्म-क्षेत्र

## श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारा आज

**बिलासपुर।** दीन दयाल कॉलोनी मंगला में महिला स्व सहायता समूह समिति द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया गया। जिसमें पं अविनाश तिवारी के द्वारा कथा का रसपान कराया गया। मुख्य अजमान राजकुमारी जायसवाल व गणेश जायसवाल ने बताया



कि 6 जनवरी को कलश यात्रा से प्रारंभ हुए श्रीमद् भागवत कथा का बुधवार को मकर सक्रांति पर समापन होने जा रहा है। इस । मकर सक्रांति के अवसर पर हवन व पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारा किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष नेहा बरेठ, सचिव श्वेता मिश्रा, राज कुमारी जायसवाल, सुमित्रा चन्द्राकर, मधु मौर्य, प्रेमलता यादव, पूजा तिवारी, कल्याणी ठाकुर, नीमा कश्यप, ज्वाला यादव, राधा शर्मा, प्रीति निर्मलकर, प्रवीणा शर्मा, शिव बाई, दुर्गा ठाकुर, अंजनी चन्द्राकर, दीपिका पाण्डेय, विजया चन्द्राकर, रानू सराफ, सुशीला चन्द्राकर,नौसीन, पुनीता कश्यप,हेमलता साहू,आशा तिवारी, दिल बाई यादव, संध्या कश्यप, शकुन्तला यादव, दुर्गा कश्यप, अनुपमा दुबे का विशेष सहयोग रहा।

# कथा के निरंतर श्रवण से होता है मन परिवर्तन : संत कौशल

**कथा का निरंतर श्रवण मन परिवर्तन कराता है। कथा यह दिखाती है कि हम किस पाले में खड़े हैं। युग बीत गया पर गाने, बजाने एवं कथा सुनने वाले नहीं थके क्योंकि कथा अमृत की वर्षा है। अमृत से कभी तृप्ति नहीं होती है, इसलिए कथा का हमेशा पान करते रहना चाहिए। संत की कृपा से सदगति मिलती है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें श्रीराम कथा आयोजन समिति बिलासपुर द्वारा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा में मंगलवार को कथावाचक संत प्रवर विजय कौशल महराज ने कही। उन्होंने कहा कि मन को धोने का साबुन कथा है। कथा निरंतर सुनने से मन धुलता है। हमेशा भगवान के चरणों में रहने वाले नारद मुनी में मोह, विकार व अहंकार आ जाता है। जब नारद जैसे की यह दुर्दशा हो सकती है तो इंसान किस खेत की मूली है। इससे बचने के उपाय पर विचार करें।

उन्होंने कहा कि जीवन में किए शुभ-अशुभ काम को इंसान को भोगना पड़ता है। जीवात्मा निकल कर पुनः जीवन में प्रवेश कर जाता है। कुछ लोग तुरंत तो माह भर बाद जन्म ले ही लेते हैं। कुछ को जन्म लेने थोड़ी प्रतीक्षा करनी पड़ती है, पर एक वर्ष में जन्म लेना ही पड़ता है। पुण्यात्मा जन्म नहीं लेते हैं। नरक का दर्शन यही होता है।



### भगवान के चरणों में बैठने वाला कभी नहीं हारता

कथा व्यास ने महाभारत के एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जो भगवान को समर्पित हो जाता है एवं भगवान के चरणों में बैठने की हिम्मत करता है तो वह कभी हार ही नहीं सकता है। अर्जुन तो महाभारत उसी दिन जीत लिया था जिस दिन उसने भगवान श्रीकृष्ण को मांग लिया था। अर्जुन ने भगवान कृष्ण से कहा था मैं युद्ध हारने तैयार हूं पर हरि को हारने तैयार नहीं हूं। उन्होंने कहा कि खास और कोई नहीं बल्कि एक परमात्मा ही होता है।

**अच्छे-अच्छों को नचाता है काम :** कथावाचक ने बताया कि काम अच्छे-अच्छों को नचाता है। विश्व मोहिनी को नारदजी देखते ही रह गए। नारद सोचने लगे कि इसकी शादी तो मेरे से होनी चाहिए। मैंने भगवान से कभी कुछ नहीं मांगा है और भगवान मेरे सबसे ज्यादा हितैषी हैं। आज उनका रूप मांग लूंगा तभी भगवान प्रकट होकर नारद से रोने का कारण पूछने लगे। नारद ने भगवान से कहा कि वे अपना रूप दे दें। शादी करूंगा। भगवान ने कहा कि आज तक शादी करके कोई खुश हुआ है। दण्डकारण्य में उसे दहाड़ मार कर रोना पड़ा था। इस पर भगवान ने नारद को तीन प्रकार के रूप दे दिए। बंदर के रूप में उपहास होने पर नारद बहुत नाराज हुए और भगवान को एक दिन स्त्री वियोग में तड़पने का श्राप दे दिए पर जैसे ही नारद को लगा कि यह तो माया है तुरंत कहने लगे कि मेरा श्राप झूठा हो जाए। सप्त ऋषि के गुफा में बैठ कर नारद रो-रो कर भगवान शिव को पुकारने लगे। भगवान शंकर प्रकट होकर कहा कि शुभ-अशुभ अर्पित कर देगा तो वह उनका सभी परिस्थिति में रक्षा करेगा।



राम कथा सुनने उमड़ी भीड़, बह रही भक्ति की बयार



### इनकी रही उपस्थिति

रामकथा में नगर विधायक अमर अग्रवाल, शशि अग्रवाल, गुलशन ऋषि, सुशील श्रीवास्तव, नारायण गोस्वामी, गोपाल शर्मा, प्रवीण दुबे, महापौर पूजा विधानी, अशोक विधानी, विनोद सोनी, डॉ प्रदीप शुक्ला, श्याम शुक्ला, भागवत राव, सारंग राव, सुनील, सुधा मारदा, शोभा कश्यप, मीना गोस्वामी, रजनी ऋषि, रीटा भामरा, चंचल कुशवाहा, जयश्री शुक्ला सहित अग्रवाल समाज सहित अन्य समाज के लोग एवं श्रद्धालु भक्त भारी संख्या में उपस्थित थे।

### शिष्यों के बच्चों को बुलाकर दें आशीर्वाद

कथा व्यास ने कहा कि साधुओं को अपने निकट के शिष्यों की बहू-बेटा, बेटी-दामाद को अपने आश्रम में बुलाकर आशीर्वाद देना चाहिए। उन्हें अच्छी जिंदगी जीने, दाम्पत्य जीवन को सफल बनाने प्रोत्साहित करें। दूसरे को शीशा न दिखाएं। स्वयं देखे व आत्म निरीक्षण करें। जानें हम कैसे हैं।

### परोपकार से भरा हो दाम्पत्य जीवन

कथावाचक ने बताया कि हम सभी मनु के संतान हैं, इसलिए मानव कहलाए हैं। जैसा दाम्पत्य जीवन वैसे ही संतान आते हैं। कई बार लोग संतान को दोष देते हैं, पर यह हमारे दाम्पत्य जीवन के बिगड़ने के कारण होता है। इससे बचने दाम्पत्य जीवन परोपकार से भरा होना चाहिए।

## मकर संक्रांति पर तिल दान व स्नान करना शुभ

**बिलासपुर।** श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव मंदिर रतनपुर के महंत जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि मकर सक्रांति के दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है, मकर संक्रांति से ही ऋतु में परिवर्तन होने लगता है। शरद ऋतु क्षीण होने लगती है और बसंत का आगमन शुरू हो जाता है। इसके फलस्वरूप दिन लंबे होने लगते हैं और रातें छोटी हो जाती है,भारत में धार्मिक और सांस्कृतिक के अनुसार मकर संक्रांति का बड़ा ही महत्व है। पौराणिक मान्यताओं में मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर जाते हैं। चूंकि शनि मकर व कुंभ राशि का स्वामी है। लिहाजा यह पर्व पिता-पुत्र के अनोखे मिलन से भी जुड़ है। मकर संक्राति के दिन गंगा स्नान और दान-पुण्य करने का विशेष महत्व होता है। इसी दिन सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने से खरमास समाप्त हो जाएगा,इसके बाद मांगलिक कार्य का सिलसिला शुरू हो जाएगा।





### तिल दान व खाना शुभ

पंडित ने बताया कि मंकर संक्राति पर तिल और गुड़ से बने लड्डू और अन्य मीठे पकवान खाने की परंपरा है,और इसे शुभ माना जाता है। तिल और गुड़ के सेवन से ठंड के मौसम में शरीर को गर्मी मिलती है और यह स्वास्थ के लिए लाभदायक है। मान्यता है कि, मकर संक्राति के मौके पर मीठे पकवानों को खाने और खिलाने से रिश्तों में आई कड़वाहट दूरी होती है सूर्य देव के पुत्र शनि के घर पहुंचने पर तिल और गुड़ की बनी वस्तु दान करना चाहिए तिल मिश्रित जल से स्नान करना चाहिए। मकर संक्राति पर पतंग उड़ाना भी शुभ माना जाता है।

### पंजाबी संस्था मनाएगी लोहड़ी उत्सव

पंजाबी संस्था और पंजाबी हिन्दू महिला संस्था इस वर्ष मकर संक्रान्ति के दिन बुधवार को लोहड़ी का त्यौहार मनाएंगी। पंजाबियों के पारंपरिक लोक पर्व लोहड़ी में ईमलीपारा स्थित पंजाबी भवन में इस बार अग्नि प्रज्ज्वलन के साथ विशेष पंजाबी लोक संगीत की भी प्रस्तुति देगी। लोहड़ी के इस पावन अवसर पर मन्दीप संगीत ग्रुप की मौजूदगी पंजाबियों की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में मददगार सिद्ध होगी। मन्दीप संगीत प्रख्यात पंजाबी लोक-कलाकार मनदीप कौर की अगुआई वाला एक महिला-प्रधान समूह है, जो शुद्ध पंजाबी लोक-परंपरा पर आधारित गायन, वादन और नृत्य की आनंददायक प्रस्तुतियां देकर लोहड़ी उत्सव की मूल भावना को मजबूती प्रदान करेगा। इस मौके पर मनदीप कौर के लोहड़ी गीत, पंजाबी टप्पे, गिद्धा और बोलियों की धूम रहेगी। पंजाबी संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि और पंजाबी हिन्दू महिला संस्था की अध्यक्ष योगिता दुआ ने दोनों संस्थाओं के सभी सदस्यों से लोहड़ी उत्सव में पूरे उत्साह व उमंग के साथ हिस्सा लेने का आग्रह किया है।

## श्रीचक्र महामेरु पीठम में धार्मिक महोत्सव,यज्ञ कथा और रासलीला से सजेगा आश्रम परिसर

**बिलासपुर।** आनंद नटराज मूर्ति भगवान योगमूर्ति एवं श्री श्री श्री कांची कामकोटी पीठाधिपति जगतगुरु शंकराचार्य श्री महापेरियावा की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में महारुद्र शतचंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन ग्राम खम्हारडीह में साकेत परसिया रोड स्थित श्रीचक्र महामेरु पीठम आश्रम में किया जा रहा है। 24वाँ वार्षिक महोत्सव आगामी 15 से 26 जनवरी तक दिव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर श्री महारुद्र शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा तथा श्रीकृष्ण रासलीला का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन श्रीचक्र महामेरु पीठाधिपति अनंत विभूषित श्री श्री श्री सच्चिदानंद तीर्थ महाराज के पावन सानिध्य में सम्पन्न होगा। आयोजन में देशभर से अनेक संत-महात्माओं एवं धर्माचार्यों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। अमृतमयी धार्मिक अनुष्ठान में आश्रम मंडल द्वारा समस्त श्रद्धालुओं को बड़ी संख्या में शामिल होने आग्रह किया है।



### यह होंगे कार्यक्रम

16 जनवरी को भव्य कलश यात्रा एवं यज्ञ का शुभारंभ होगा, 23 जनवरी को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित किया जाएगा। 25 जनवरी को तैयोत्सवम् एवं नाव विहार के साथ चेन्नई की सुप्रसिद्ध भजन गायिका रजनी कौशिक द्वारा भजन प्रस्तुति दी जाएगी। 26 जनवरी को यज्ञ महापूर्णाहुति, महाभंडारा, गुरुजी प्राकट्य जन्मोत्सव एवं विशाल रथयात्रा का आयोजन होगा। इसी क्रम में 16 से 24 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्रीमद् देवी भागवत कथा को पं. सुबोध ओमप्रकाश पाठक द्वारा रसपान कराया जाएगा। वहीं 15 से 23 जनवरी तक रात्रि 7 बजे से श्रीकृष्ण रासलीला का मंचन डॉ उग्रसेन कन्नौजे एवं मंडली द्वारा ग्राम परसदा में किया जाएगा।

स्पोर्टर्स न्यूज

## खेल को ईमानदारी से खेलें, यह जीवन का महत्वपूर्ण अंग

**बिलासपुर।** सीएमडी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, में शैक्षणिक सत्र के अंतर्गत वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य एवं उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सारस्वत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं विशिष्ट उपस्थिति शसी निकाय सदस्य अमन दुबे, प्राचार्य डॉ. संजय सिंह तथा डॉ अंजलि चतुर्वेदी मंचासीन रहे, अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया।

मुख्य अतिथि प्रो सारस्वत ने अपने उद्बोधन में कहा कि "खेलकूद न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास करता है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का संतुलन अत्यंत आवश्यक है।" उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि अमन दुबे ने कहा कि "खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की नींव रखते हैं। ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को मंच मिलता है और युवाओं में





सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।" उन्होंने महाविद्यालय द्वारा इस प्रकार के आयोजनों की निरंतरता की सराहना की। डॉ संजय सिंह ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि "खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाती हैं तथा उनमें हार-जीत को समान रूप से स्वीकार करने की क्षमता विकसित करती हैं।" उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में राजकुमार पांडा, नीलू कश्यप, गुलाब पाठक, अंकित शर्मा, मोनिका दत्त, अनीता दुबे, तृप्ति पटेल, भारती विश्वकर्मा, प्रशांत गुप्ता, सोनिल कुमार मिश्रा के साथ-साथ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खेल महोत्सव के जश्न में सराबोर आईएएसई

उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को व्हालीबाल पुरूष वर्ग के मैच से हुआ। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रो मीता मुखर्जी ने किया। उद्घाटन बेला में प्राचार्य प्रो. मीता मुखर्जी ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए सभी को जीत की शुभकामनाएँ दी और उनसे खेल भावना से खेलते हुए जीवन में आगे बढ़ने की अपेक्षा के साथ प्रतियोगिता को हरी झण्डी दिखाया। इस प्रतियोगिता में प्रशिक्षार्थियों के चारों निकेतन क्रमशः सत्यम, शिवम, सुन्दरम और मधुरम के टीम आपस में भिड़े। महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी प्रशिक्षार्थी प्रातः 6.30 बजे ही मैदान में उपस्थित हो गए थे और खेल के लिए आवश्यक तैयारियों में लग गए थे। खेल का शुभारंभ व्हालीबाल पुरूष वर्ग के मैच से हुआ जिसका प्रथम मैच शिवम निकेतन और मधुरम निकेतन के बीच खेला गया जिसमें मधुरम ने टॉस जीतकर कोर्ट साईड चुना। सर्विस की शुरुआत शिवम् निकेतन ने करते हुए और सधी हुई रणनीति और जबरदस्त खेल प्रदर्शन करते हुए 2-0 से मैच पर एकतरफा कब्जा कर लिया। मैच में शिवम् के कप्तान अरविंद, ओंकार एवं अजय की तिकड़ी नेअपनी टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया।वहीं दूसरा मैच सुन्दरम व सत्यम निकेतन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर सुन्दरम ने कोर्ट चयन को प्राथमिकता दिया और शानदार सधी हुई की रणनीति के बाद भी सत्यम की रणनीति के सामने बौने साबित हुए और सत्यम निकेतन ने काँटे की टक्कर के बावजूद अंततः लगातार दोनों सेट अपने नाम कर करने में सफल रहा। इस मैच में ओमकार, अनुराग, अमर, दिनेश एवं पृथ्वीराज ने अपने प्रदर्शन से लोगों का दिल जीता। पूरे खेल के दौरान ना सिर्फ खिलाड़ियों में बल्कि दर्शको में भी अपूर्व उत्साह देखा गया।



शिवम एवं सत्यम के नाम रहा पहला दिवस



## ओपन रोलर स्केटिंग में 150 बालक-बालिका ने लिया भाग

रॉयल स्केटिंग क्लब एवं नेशनल स्पोर्ट्स अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय इंटर क्लब स्कूल रोलर स्केटिंग की प्रतियोगिता बिलासा शासकीय स्नातकोत्तर गर्ल्स महाविद्यालय पिंक स्टेडियम में मुख्य अतिथि शैलेंद्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्लबों से 150 बालक - बालिका प्रतिभागी भाग लिया। प्रतियोगिता स्पीड क्वाड, स्पीड इनलाइन, टॉय इनलाइन एवं टेनासिटी स्केटिंग आयोजित की गई, यह जानकारी डायरेक्टर विशाल राय ने दी है।

## खबर संक्षेप

### थाना प्रभारी खूंटे ने किया पदभार ग्रहण



सेतगंगा/मुंगेली। थाना फास्टरपुर सेतगंगा के नवपदस्थ थाना प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने पदभार ग्रहण करने के बाद स्थानीय पत्रकारो से पहली मुलाकात की। इस दौरान उन्होने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और पारदर्शी कार्यप्रणाली के लिए अपनी प्रतिबध्दता जताई। बढती हुई चोरी, लूट, गंभीर समस्या पर अंकुश लगाने आश्वासन दिया। उन्होने स्पष्ट किया कि पिड़ितों को न्याय दिलाने एवं सरहदी जिलो से संपर्क में रहकर अवैधानिक गतिविधियो से जुडे लोगो पर पूर्ण अंकुश लगाने की बात कही।

### श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 18 से

तखतपुर। नगर के वार्ड 4 में 18 से 26 जनवरी तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा है। आयोजन के कथा वाचक कमलेश तिवारी एवं मुख्य यजमान शकुंतला रमेश पाठक हैं। आयोजन की तैयारी में विरेंद्र पाण्डेय, वृंदा पाठक, कमलेश तिवारी, पंकज तिवारी, अरविंद शास्त्री, शुभम पांडेय, कान्हा तिवारी सहित जुटे हैं।

### सोनकर कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी 17 व 18 को

मुंगेली। सोनकर महाविद्यालय में 17 एवं 18 जनवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन पं सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वीके सारस्वत करेंगे। कार्यक्रम सोनकर कॉलेज एवं अभा विकलांग चेतना परिषद के संयुक्त तत्वावधान में होगा। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि, इस संगोष्ठी में देश के 8 से 9 राज्यों से वक्ता, शोधार्थी एवं शिक्षाविद् शामिल होंगे।

## निधन

### जितेन्द्र कुमार साहू



बिलासपुर। वन विभाग के डिप्टी रेंजर महाराणा प्रताप चौक, पन्ना नगर रिंग रोड निवासी जितेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. भगेला साहू का 13 जनवरी को निधन हो गया। वे 46 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार पैतृक ग्राम सरगांव के ग्राम बावली में किया गया। वे आशीष साहू के बड़े भाई एवं अवश्म व अंशुल के पिता थे।

### शैल कुमार तिवारी



बिलासपुर। ग्राम बिरकोना निवासी इंजीनियरिंग कॉलेज के रिटायर्ड अकाउंटेंट शैल कुमार तिवारी का निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बिरकोना में किया गया। वे अरुण कुमार तिवारी के भाई, कमलेश कुमार तिवारी के पिता और विनोद शर्मा के मामा थे।

### राधादेवी विश्वकर्मा



बिलासपुर। फजलवाड़ा निवासी वर्तमान निवास 39- गीतांजलि एरा कालोनी बोदरी, चकरभाठा राधादेवी विश्वकर्मा पति स्व. गोरेलाल विश्वकर्मा का मंगलवार को निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार हाईकोर्ट के पीछे नयापारा बोदरी स्थित श्मशान घाट में किया गया। वे बजरंग विश्वकर्मा की माता और ऋषभ व सन्नी की दादी थीं।

### निर्मला देवी पांडेय



बिलासपुर। नगर पालिका बोदरी के वार्ड नंबर चार नयापारा निवासी निर्मला देवी पांडेय का 12 जनवरी को निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार नयापारा के मुक्तिधाम में दोपहर 3 बजे किया गया। वे नारायण पांडेय की पत्नी, दिनेश पांडेय की माता एवं मयंक पांडेय की दादी थीं।

### रीना सिंह ठाकुर



बिलासपुर। तिफरा यदुनन्दन नगर निवासी रीना सिंह ठाकुर का स्वर्गवास हो गया है। उनका अंतिम संस्कार यदुनंदन नगर स्थित मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे होगा। वे शुभम सिंह ठाकुर की माता थीं।

### चंद्रिका बाई निर्मलकर



तखतपुर। ग्राम पड़रिया निवासी चंद्रिका बाई निर्मलकर का 70 वर्ष की उम्र में 13 जनवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम पड़रिया में किया गया। वे डॉक्टर ओमप्रकाश निर्मलकर की मां थीं।

### बाराती राम जायसवाल



तखतपुर। ग्राम जूनापारा निवासी बाराती राम जायसवाल का 85 वर्ष की उम्र में 13 जनवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 14 जनवरी सुबह 10 बजे गृहग्राम जुनापारा में किया जाएगा। वे गुलाब जायसवाल, विश्राम जायसवाल, सुकवारा जायसवाल के पिता थे।

---

### धान खरीदी व्यवस्था से जुड़े एक बड़े घोटाले का खुलासा

# मुंगेली जिले में करोड़ों रुपए के धान की हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



उपलेटा राइस मिल को प्रशासन ने किया सील

मुंगेली जिले में धान खरीदी व्यवस्था से जुड़े एक बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। इस घटना से प्रदेश के राइसमिलरो में हड़कम्प मच गया है। सरकारी योजनाओं की आड़ में करोड़ों रुपये के धान की हेराफेरी की आशंका के बीच जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में जिले की प्रमुख उपलेटा राइस मिल को सील कर दिया गया है।

कलेक्टर कुंदन कुमार और एसपी भोजराम पटेल खुद मौके पर पहुंचे और पूरी कार्रवाई की निगरानी की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन और प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि सरकारी धन और किसानों की मेहनत से जुड़े इस मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। एसडीएम अजय शतरंज और तहसीलदार कुणाल पांडे सहित राजस्व टीम ने जांच शुरू कर दी है। प्रशासन के अनुसार एआई आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम ने पूरे प्रदेश में 786 संदिग्ध अलर्ट चिन्हित किए, जिनमें सबसे ज्यादा अलर्ट मुंगेली जिले से आए। जांच में सामने आया कि कुछ गाड़ियों ने अपनी क्षमता से 2000 प्रतिशत तक ज्यादा धान परिवहन दिखाया, जो तकनीकी रूप से असंभव है। इसी आधार पर उपलेटा राइस मिल और नवागांव घुटेरा धान खरीदी केंद्र को जांच के दायरे में लिया गया है। जांच टीम को यह भी संकेत मिले कि खरीदी केंद्र और मिलर्स के बीच गहरी साठगांठ है। एक ही गेट पास का बार-बार इस्तेमाल, जीपीएस ट्रैकिंग में हेराफेरी और मिलिंग रिकॉर्ड में गड़बड़ी सामने आई। एमएसपी पर खरीदे गए धान को अवैध तरीके से बाजार में खपाने की आशंका जताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने कई अहम सबूत जब्त किए। उपलेटा राइस मिल को सील किया गया। 9 ट्रक धान जब्त, जिनमें 3 गाड़ियां एआई रिपोर्ट में संदिग्ध मिलिंग रिकॉर्ड और बैंक गारंटी दस्तावेज जब्त, जीपीएस डेटा और ट्रांसपोर्ट लॉग की जांच की गई। एफसीआई को चावल जमा न करने के मामलों की पड़ताल, क्रमबद्ध कार्रवाई की तस्वीर शामिल है। खाद्य विभाग ने स्टॉक सत्यापन किया है। संदिग्ध गाड़ियों को थाने में खड़ा कराया गया। मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की तैयारी चल रही है। इसके साथ ही जिले की अन्य मिलों की भी स्क्रीनिंग की जा रही है।

#### कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

किसानों पर असर और प्रशासन की मंशा- इस घोटाला से एमएसपी पर खरीदे गए धान का लाभ किसानों तक पहुंचने के बजाय बिचौलियों की जेब में जाने की आशंका है, प्रशासन ने स्पष्ट किया है,कि नुकसान का आकलन कर किसानों के हितों की रक्षा की जाएगी. आने वाले समय में सभी खरीदी केंद्रों पर एआई आधारित रियल टाइम मॉनिटरिंग अनिवार्य की जाएगी।

#### सिस्टम के जांच की शुरूआत

कलेक्टर कुंदन कुमार ने बताया कि मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और फूड सेक्रेटरी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद सामने आई थी कि एआई आधारित इंटेलिजेंस रिपोर्ट ने मुंगेली को धान घोटाले का हॉटस्पॉट माना था। रिपोर्ट में जिले से 370 गंभीर अलर्ट सामने आए थे। इनमें डीओ ऑर्डर की अनियमितताएं, गाड़ियों की क्षमता से कई गुना ज्यादा परिवहन और जीपीएस डेटा में छेड़छाड़ जैसे चौंकाने वाले तथ्य शामिल थे। यह कार्रवाई केवल एक मिल तक सीमित नहीं मानी जा रही है, बल्कि इसे पूरे सिस्टम की जांच की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

---

## विभाग की लापरवाही से 20 हजार क्विंटल धान खराब

■ समय पर उठाव व उचित भंडारण न होने से बिगड़ी स्थिति

पेंड्रा। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में विपणन विभाग की गंभीर लापरवाही एक बड़े प्रशासनिक संकट और संभावित भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए लगभग 20 हजार क्विंटल धान के खराब हो जाने से शासन को 6 करोड़ रुपए से अधिक का अनुमानित आर्थिक नुकसान हुआ है। मामला सामने आते ही विभागीय महकमे में हड़कंप मच गया है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी नुकसान की वास्तविकता को लेकर अलग-अलग दावे कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, जिले के विभिन्न धान संग्रहण केंद्रों में खरीदी के बाद धान को लंबे समय तक रखा गया, लेकिन समय पर कस्टम मिलिंग के लिए राइस मिलों तक परिवहन नहीं कराया गया। इस दौरान न तो समुचित भंडारण व्यवस्था की गई, न ही धान को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त पॉलिथीन कवरिंग की गई। खुले में पड़ी धान पर नमी, बारिश और मौसम के प्रतिकूल प्रभाव का असर पड़ा, जिससे धान पूरी तरह काली पड़ गई, और अमानक श्रेणी में पहुंच गई। इस पूरे घटनाक्रम ने किसानों और स्थानीय नागरिकों में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। किसानों का कहना है कि, शासन ने उनकी मेहनत की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदा, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण धान बर्बाद हो गई। मामले पर सफाई देते हुए नव पदस्थ जिला विपणन अधिकारी हरीश शर्मा ने कहा है कि, कुल 20 हजार क्विंटल धान में से लगभग 16 हजार क्विंटल धान का डिलीवरी ऑर्डर जारी किया जा चुका है, जिसके उठाव के लिए राइस मिलर्स को तैयार हैं। हालांकि, इस बयान के बावजूद यह सवाल बना हुआ है कि, जब विभाग को पहले से स्थिति की जानकारी थी, तो समय पर उचित प्रबंधन क्यों नहीं किया गया। किसान संगठनों और विशेषज्ञों ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि, दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसानों की मेहनत से उपजी फसल और सार्वजनिक धन की इस तरह बर्बादी न हो।

---

## धर्म के प्रति लोगों को जागृत करना प्रमुख उद्देश्य: रूपम



बिल्हा। श्री किशोर महिला समिति की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ 9 जनवरी को मंगल कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

कथावाचक रूपम राघव ने एक साक्षात्कार में कहा, हमारा प्रमुख उद्देश्य है कि, हिंदू राष्ट्र संकल्पना धर्म के प्रति लोगों को जागृत करना, भक्तों की आत्मा की शुद्धता व भागवत कथा को अपने जीवन में आत्मसात कर सकें। आयोजन में ध्रुव चरित्र शिव-पार्वती विवाह, प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार के साथ-साथ श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्म, गोवर्धन बालकृष्ण लीला की कथा व झाकी का भरपूर आनंद श्रद्धालु ले रहे हैं व नाचते गाते कथा का श्रवण कर रहे हैं। 14 जनवरी मकर संक्रांति के विशेष पर्व पर दिव्य शाही स्नान का आयोजन सुबह 4:30 ताला गांव देवरानी जेठानी मंदिर में रखा गया है। और डॉ आरसी अग्रवाल के नेतृत्व में पत्रकार विनोद वर्मा, कमल गर्ग, हरीश गुप्ता ने नौबतका निवास में आत्मीय स्वागत करते हुए साध्वी जी का इंटरव्यू लिया। साध्वी जी ने हनुमान चालीसा समिति, पत्रकार संघ एवं हिंदू जागरण मंच के पार्थो मुखर्जी, चित्रसेन पांडे, दिलीप गुप्ता राजेश शर्मा, जलेश्वर कौशिक, केवल राजपाल, शिवम नौबतका, प्रथम गुप्ते, यश शर्मा, वरुण गोस्वामी, आयुष गुप्ता, शिवम गुप्ता, आयुष वर्मा, शिवांश वर्मा जितेश देवांगन, राधे नाम का दुपट्टा पहनाकर आशीर्वाद दिया। आयोजन समिति की संगीता वर्मा, विद्या गुप्ता, सुषमा बघेल, भारती देवांगन, मंदाकिनी दुबे, बबीता गुप्ता, हेमा बहेकार, प्रियंका ध्रुव, उषा ब्राह्मणकर का कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहरानी योगदान रहा।

---




## चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की न्याय पदयात्रा स्थगित

■ प्रतिनिधि मंडल ने की उपमुख्यमंत्री साव से भेंट, मिला आश्वासन

लोरमी। लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा मुंगेली की ओर से 7 सूत्रीय मांगों को लेकर 14 जनवरी से 23 जनवरी तक लोरमी से उपमुख्यमंत्री अरूण साव के निवास रायपुर तक न्याय पदयात्रा कर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया था। इस पर संज्ञान लेते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने संघ के प्रतिनिधि मंडल को अपने निवास पर बुलाया एवं जरूरी चर्चा की। इसके बाद न्याय पदयात्रा को स्थगित किया गया।

12 जनवरी को उपमुख्यमंत्री अरूण साव के बुलावे पर संघ प्रतिनिधि मंडल से प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे एवं प्रांतीय सचिव एवं जिलाध्यक्ष मुंगेली कामता प्रसाद साहू के नेतृत्व में 23 सदस्य चर्चा के लिए उपमुख्यमंत्री निवास रायपुर पहुंचे। संघ प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री को सभी 7 सूत्रीय मांगों के संबंध में ध्यानाकर्षण कराया। इस पर उन्होंने अधिकारियों से सीधे संवाद स्थापित कर स्थानीय स्तर के मुद्दे को तत्काल निराकरण कराया गया। अचानकमार टाईगर रिजर्व लोरमी से संबंधित मांगों के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के मुख्य वन संरक्षक को दूरभाष के माध्यम से संघ प्रतिनिधि मंडल की बैठक बुलाकर संबंधित मांगों का निराकरण करने निर्देशित किया। बैठक में कर्मचारियों के 3 माह के वेतन 14 जनवरी तक देने, दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को एक लाख अनुकंपा अनुदान राशि देने पर सहमति बनी। साथ ही आदिवासी विकास विभाग के लंबित वेतनमान के संबध में उपमुख्यमंत्री द्वारा संबंधित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मुंगेली एवं संबंधित जांच अधिकारी अपर संचालक को दूरभाष के माध्यम से शीघ्र निराकरण करने हेतु कहा गया। प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे ने अन्य मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री से निवेदन किया, जिस पर उपमुख्यमंत्री साव ने अपने स्तर पर प्रयास करने का आश्वासन दिया। साथ ही श्री साव ने 20 जनवरी के बाद संघ को समय प्रदान करने की सहमति दी। संघ प्रतिनिधि मंडल में जिला महामंत्री एवं एटीआर विभागीय अध्यक्ष नवल प्रजापति, जिला महामंत्री विरेन्द्र राजपूत, राकेश ठाकुर कर्मचारी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रायपुर, जिला सचिव नरोत्तम यादव, कोषाध्यक्ष सरवन साहू, जिला उपाध्यक्ष दीप प्रकाश साकत, तहसील अध्यक्ष लोरमी लक्ष्मण सिंह मरावी, मोहन यादव, यशवंत बंजारे, बफर परिक्षेत्र अध्यक्ष कामता जायसवाल, गीता राम साकत, उदय यादव, धनंजय सिंह ठाकुर, चैतन्य तिवारी, नत्थू साहू, सत्येंद्र साहू, कुलदीप यादव, कार्यकारिणी सदस्य इतवारी सगरिया, प्रमोद यादव, मुकेश डड़सेना, पवन जायसवाल शामिल रहे।

---

## सड़क सुरक्षा के तहत लोगों को वितरित किए गए हेलमेट



बाइक सवारों को हेलमेट देते अफसर।

बिल्हा/बोदरी। 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के उपलक्ष्य में एनएचआईटी की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदीप लाल आरओ रायपुर, मुकेश कुमार पीडी बिलासपुर और राजेश्वर सूर्यवंशी तकनीकी प्रबंधक पीआईयू बिलासपुर उपस्थित थे।

इस दौरान सड़क सुरक्षा के मद्देनजर सड़क उपयोगकर्ताओं और दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट व सड़क सुरक्षा जागरूकता पत्रक का वितरण किया गया। साथ ही रात्रि दृश्यता में सुधार के लिए वाहनों पर 3 एम रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया। कार्यक्रम में प्रदीप लाल ने सड़क उपयोगकर्ताओं और स्थानीय चालकों से बातचीत करते हुए सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने के महत्व को समझाया। उन्होंने चालकों को हमेशा मानक हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने, तेज गति से वाहन न चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की सलाह दी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि, सुरक्षित ड्राइविंग न केवल स्वयं की जान बचाती है बल्कि सड़क पर दूसरों की भी सुरक्षा करती है।

---

## नववर्ष पर कांग्रेस ने मनाया कार्यकर्ता सम्मेलन

### कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव हुए शामिल




बेलगहना। बेलगहना के आमामुड़ा में नववर्ष के उपलक्ष्य में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया कगया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अटल श्रीवास्तव एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री हुए शामिल हुए। इस अवसर पर 70 से अधिक महिला-पुरुष भाजपा कार्यकर्ता विधायक एवं जिला अध्यक्ष के समक्ष कांग्रेस में हुए शामिल हुए। अतिथियों ने गमछा पहना कर कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। यह आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलगहना कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैया गंधर्व के संयोजन में बेलगाना के आमामुड़ा धोबघट ग्राम में हुआ।

मुख्य अतिथि कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि, प्रतिवर्ष साल में हम तीन कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे। नववर्ष मिलन बेलगहाना में दीपावली मिलन समारोह कोटा में और होली मिलन समारोह रतनपुर ब्लॉक में आयोजित होगा। इससे हम सभी कार्यकर्ता मिलजुल कर अपनी बातें करेंगे, और सरकार की योजनाओं को लेकर संघर्ष के रूपरेखा भी तय करेंगे। उन्होंने कहा कि, हम सब मनरेगा बचाओ संग्राम में हिस्सा लेंगे। पंचायत स्तर पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर मनरेगा श्रमिकों को इसके संबंध में जानकारी दी जाएगी। जिला अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि, नियुक्ति के बाद पहली बार विधायक अटल श्रीवास्तव के साथ बेलगहना आया हूं। जब तक बूथ सेक्टर मंडल और ब्लॉक के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का सहयोग नहीं मिलेगा, तब तक मैं कोई भी कार्य करने में सफल नहीं हो सकूंगा। उन्होंने कहा कि, मनरेगा को लेकर जो संग्राम राष्ट्रीय कांग्रेस एवं प्रदेश कांग्रेस ने छेड़ा है, उसमें में सब शामिल हों, और मनरेगा को फिर से लागू करने में जिला कांग्रेस कमेटी का हाथ मजबूत करें। कार्यक्रम में पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केसरवानी, पूर्व जनपद अध्यक्ष संदीप शुक्ला, जिला कांग्रेस महामंत्री, गणेश कश्यप, तखतपुर ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी देवांगन, बिलासपुर से मोहम्मद शाहनवाज, रतनपुर से पुष्पांत कश्यप, मदन कहर, सिद्धार्थ पांडे, लाल निर्मलकर, कपिल जायसवाल, अश्वनी, दिलीप श्रीवास, परमेश्वर मिरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

## चावल भरे ट्रक से टकराकर बाइक सवार पिता-पुत्र की हो गई मौत



लोरमी। चावल से भरे ट्रक से टकरा कर बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जूनापारा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चोरहागांव के समीप मुख्य मार्ग में दोपहर डेढ़ से दो बजे के बीच चावल से लदी ट्रक में एक बाइक सवार पिता पुत्र भीषण दुर्घटना का शिकार हो गए। हादसे में ग्राम टेकनपारा निवासी हरिराम 55 वर्ष एवं पुत्र प्रमोद ध्रुव गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने घायलों को लोरमी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां हरिराम ध्रुव 55 वर्ष को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया एवं पुत्र को गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक की उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, लकेनि घायल युवक ने रास्ते मे दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद ट्रक एवं बाइक को जब्त कर सुरक्षित थाने में चौकी में खड़ा कर दिया गया है एवं मामले में चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई पुलिस की जा रही है। मृतकों के शव को पंचनामा के बाद पीएम के लिए भेजा गया। परिजनों का हादसे में रो-रो कर बुरा हाल है। संजीव ठाकुर, जूनापारा चौकी प्रभारी ने बताया कि घटना में दोनों पिता-पुत्र की मौत हो गई है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर सुरक्षित चौकी में खड़ा किया गया है।

---

## दवाइयों की कमी से बेहाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र




बिल्हा। सामुदायिक स्वास्थ्य बिल्हा में विगत एक डेढ़ माह से दवाइयां की सप्लाई न होने के कारण डॉक्टर नर्स स्टाफ कर्मचारियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के ग्रामीण सड़क हादसे में घायल होने पर अपना इलाज करने के लिए स्वास्थ्य केंद्र आते हैं, लेकिन पिछले डेढ़ माह से बीपी, दर्द निवारक व शुगर जैसी अति आवश्यक गोलियां सहित अन्य चिकित्सकीय उपकरण उपलब्ध ना होने के कारण लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक लगभग रोज दो सौ से ढाई सौ मरीजों का इलाज के लिए स्वास्थ केंद्र आना-जाना लगा रहता है, ऐसे में दवाइयों की कमी के कारण डॉक्टर एवं मरीज के बीच आए दिन विवाद की स्थिति बनती है। स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ इस संबंध में अपने आला अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, इसके बाद भी अधिकारी बेखबर हैं। दवाइयों की कमी के कारण बिल्हा स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को बाहर मेडिकल से दवी खरीदनी पड़ रही है।

---

## कबड्डी, एकता और मेहनत का बेहतरीन प्रतीक

■ मस्तूरी कबड्डी प्रीमियर लीग 2026 का आगाज



सीपत। मस्तूरी कबड्डी प्रीमियर लीग 2026 का उद्घाटन समारोह सोमवार को आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के सुपुत्र अरविंद लहरिया जी ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मस्तूरी पूर्व विधायक डॉ कृष्णमूर्ति बांधी भी शामिल हुए।

अरविंद लहरिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया और इस खेल को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि, कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों के माध्यम से हमें समाज में एकता और भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करना चाहिए। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, कबड्डी जैसे खेल न केवल हमारी शारीरिक ताकत को बढ़ाते हैं, बल्कि हमें सिखाते हैं कि जीवन में कठिनाइयों का सामना कैसे किया जाए। जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू ने मस्तूरी कबड्डी लीग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू, सरपंच मंगलाराम नेताम, पूर्व सरपंच कीर्तन मरावी, पंच घनश्याम साहू, पंकज राठौर, भीम साहू, दिलीप सिदार, मनोज, लक्ष्मी साहू, राजा साहू, कपूर सिंह, रामानंद पटेल, विजेंद्र पटेल, मुकेश पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

**न्यायालय तहसीलदार तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
क्रमांक/क/ तह / वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 09/01/26

ग्राम जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका सत्यप्रकाश गंगोत्री पिता/पति देवी दयाल गंगोत्री निवासी दयालबंद तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के मूल निवासी जो कि अपने पुत्र/पुत्री सत्यप्रकाश गंगोत्री के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएसएस) के लिए आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र हेतु इस कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे कार्यालय में दिनॉक 23/01/26 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉंक 09/01/26 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक//अति.तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 06.01.2026

ग्राम बिरकोना 1 के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बिरकोना 1 प.ह.नं. 47 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 1299/43 रकबा 1500 वर्गफुट एकड़ भूमि की नामांतरण के लिए सीमा शर्मा आ. मनीष कुमार शर्मा निवासी वृन्दावन गार्डन रायपुर द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति, संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 28.01.2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 06.01.2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना-पत्र///**

प्रति,
आवेदक/आवेदिका पवन अग्रवाल /सेठूराम अग्रवाल (एस.आर.अग्रवाल) फार्च्युन बिल्डकॉन।
आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी उर्मिला राजपूत, फार्च्युन बिल्डकॉन की भूमि म.नं. 01 शरहद म.नं. 01 अमित अग्रवाल।
विषय-सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।
संदर्भ-न्याया. ना. तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक क.../ना.तह./वा./2025 बोदरी दिनांक 09/01/2026

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/आवेदिका पवन अग्रवाल पिता/पति एस.आर. अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.नं. 01, रानिमं. व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 15002 रकबा 1.611 हे. एकड के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पत्र/सीमांकन किये जाने हेतु न्याया.नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं.की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 19/01/26 को 2.00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

टीपः-उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

**रा.नि.बोदरी**
**तहसील बोदरी जिला बिलासपुर**

---

**समक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बिलासपुर (छ.ग.)**
पुष्पा दुबे....आवेदक... **विरुद्ध**
आलोक जायसवाल..............अनावेदक
प्रकरण क्र.- 140/2025
पेशी दिनांक- 13.02.2025
**// संमन //**

प्रति,
आलोक जायसवाल, पिता स्व.श्री एस. आर. जायसवाल, पता- मकान नंबर ए-7, गायत्री परिसर, सिटी पार्क आवासिय कॉलोनी रोड, मोपका, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)....(विरोधी पक्षकार)।

परिवादी ने विरोधी पक्षकार के विरुद्ध माननीय जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग बिलासपुर (छ.ग.) के समक्ष उपभोक्ता संरक्षण अधि. 2019 की धारा 35 के अंतर्गत परिवादी के निर्माण कार्य में कमी के संबंध में कुल राशि 5,59,853/- (पांच लाख उनसठ हजार आठ सौ तिरपन रुपये) क्षतिपूर्ति के रूप में विरोधी से दिलाए जाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया है। जिसकी पेशी दिनांक 13.02.2026 को नियत है। इस प्रकरण में उपरोक्त दिनांक को दिन के 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक 13/1/26 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।
मोहर
तारीख : 13/01/26
**अध्यक्ष**
**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### केपीएस में मना समर्थ भारत पर्व, बच्चों ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**बिलासपुर।** कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी में समर्थ भारत पर्व एवं स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई । मुख्य वक्ता डॉ ओम माखिजा ने कहा कि विवेकानंद के जीवन एवं उनके विचारों अपने जीवन में उतारना होगा। बच्चों को चरित्र निर्माण पर बल दिया। डॉ उल्हास वारे, ज्योत्सना मिश्रा एवं डॉ सुषमा पंड्या भी उपस्थित थे। श्री पांड्या ने कहा की ठाकुर रवींद्रनाथ टैगोर ने बताया की यदि भारत को जानना है तो विवेकानंद साहित्य का अध्ययन करें जिसमें हमें सिर्फ सकारात्मकता ही प्राप्त होती है, नकारात्मक हमें छू नहीं सकती। बच्चों से आवाहन किया कि सकारात्मक सोच रखते हुए राष्ट्र निर्माण की ओर आगे बढ़े। विवेकानंद केंद्र के माध्यम से यह कार्य सत्य पूर्ण चल रहा है। प्राचार्य श्रीमती अम्बष्ट , रमन मिश्रा, नमिता चौधरी एवं लगभग 1500 छात्र छात्राएं एवं 80 शिक्षक उपस्थित थे । विद्यालय के बच्चों द्वारा सुविचार, विवेकानंद पर भाषण,लोहड़ी के उपलक्ष्य में नृत्य, कविता प्रस्तुत किया। रमन मिश्रा ने कविता प्रस्तुत की। इस दौरान प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन नमिता चौधरी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के जीवनव्रती ने कार्यकर्ता योगेंद्र राठौड ने मार्गदर्शन दिया है। डॉ सुषमा पांड्या संयोजक समर्थ भारत पर्व का नियोजन किया था।

### राष्ट्रीय युवा दिवस विवेकानंद जयंती पर युवाओं ने लगाई दौड़



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर मैराथन आयोजित किया गया। जिसमें एडिशनल एसपी राम गोपाल, विकास कुमार पांडेय, अनंत सोनी, शैलेश द्विवेदी, अमित बघेल, आराध्य तिवारी, हेमांशु कौशिक, अतिंद्र दीवान, आदिवित मिश्रा आदि मौजूद थे। मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी राम गोपाल ने युवाओं को नशा से दूर रहने एवं सड़क दुर्घटना में कमी लाने की बात रखी। प्रांत अध्यक्ष विकास कुमार पांडेय ने युवाओं से स्क्रीन टाइम को कम करके देश के लिए अपने लिए समाज के लिए हित में कार्य करने प्रेरित किया। प्रांत मंत्री अनंत सोनी ने कहा कि अभाविप हमेशा से ही विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलती है और उसके कार्यकर्ता स्वामी जी के विचारों को लक्ष्य मान कर अपने आप को झोंकने का कार्य करती है। अदवित मिश्रा ने कार्यक्रम का मानोगत रखा। इस अवसर पर अतिंद्र धर दीवान, सुश्री निधि कुमारी, वेदांश मिश्रा, अमित कचूवाहा, हेमांशु कौशिक आदि मौजूद थे।

### हमें नशामुक्ति और शिक्षा पर पूरा ध्यान देना होगा : देवरस




**बिलासपुर।** किसी भी समाज की उन्नति में सबसे बड़ी बाधा अशिक्षा और नशा होता है। हमें नशामुक्ति और शिक्षा पर पूरा ध्यान देना होगा। यह बातें छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नागरिक कान्फडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश देवरस ने गोंडवाना किला महल लिम्हा गढ़ में वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि की आसंदी से कहीं । बिलासपुर ज्येष्ठ नागरिक संघ की सचिव सत्यभामा अवस्थी ने वरिष्ठ नागरिकों के मार्गदर्शन एवं अनुभवों से लाभ लेकर जीवन में सुधार लाने जोर दिया। इस अवसर पर लिम्हा गढ़ के वरिष्ठ आदिवासी जन को संघ द्वारा साड़ी एवं कंबल वितरित किया गया। गोंडवाना किला महल वार्षिकोत्सव में लिम्हा गढ़ एवं आसपास के गांव के सदस्यों ने शहीद वीर नारायण सिंह एवं सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। अतिथियों के स्वागत में कर्मा नृत्य,रेला पाटा नृत्य, सुआगीत, बैंगा नृत्य, डंडा नृत्य सहित आदिवासी समाज के सभी कलाओं का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर, ज्ञान आधार शास्त्री, राघवेन्द्र धर दीवान, महेश श्रीवास, सुदेश दुबे, डा. एमसी खुसरो, फाग सिंह सरोटे, प्रहलाद सिंह कोरम,दूज राम, संतोष मरावी, संतोष मरावी, रितिका मरावी,फुल बाई उईके, अनारकली आयम, सुमन कोरम, सुलेखा कुसरो आदि मौजूद थे।

### चांटीडीह स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस, बच्चों ने दी प्रस्तुति



**बिलासपुर।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा द्वारा समर्थ भारत पर्व 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में शाउमाशाला चांटीडीह में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साहित्य प्रमुख भरत ने तीन ओंकार एवं प्रार्थना से किया। नगर सह प्रमुख विवेक पांडेय ने बच्चों को विवेकानंद केंद्र का परिचय, समर्थ भारत पर्व एवं राष्ट्रीय युवा दिवस की जानकारी दी। स्कूल के बच्चों द्वारा विवेक वाणी की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात केंद्र द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता, विवेक वाणी प्रतियोगिता एवं प्रेरक प्रसंग प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किए गए। समापन शांति मंत्र से किया गया। इसे सफल बनाने में सुनील कौशिक, अलका सिंह एवं स्कूल के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### मकर संक्रांति पर बच्चों को निःशुल्क पतंग, धागा, चकरी वितरण आज

**बिलासपुर।** अमृत कुंज सतबहनिया मंदिर के पास पासवान गली देवरीखुर्द में 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर बच्चों को निःशुल्क पतंग, धागा और चकरी का वितरण किया जाएगा। यह वितरणवार्ड क्रमांक 42, 43 के बच्चों के लिए है। वे सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी जितेंद्र कुमार पासवान ने दी।

---

**एल्डरमैन की नियुक्ति के लिए मंत्री-नेताओं तक का जोर** | **विधायक, पूर्व मंत्री और वर्तमान मंत्री अपने-अपने समर्थकों के नाम आगे बढ़ा रहे**

# 11 कुर्सियों के लिए दो साल से जारी है राजनीतिक खींचतान

**बिलासपुर।** बिलासपुर निगम में भी 11 एल्डरमैन पद स्वीकृत हैं, लेकिन सरकार बदलने के बाद भी अब तक ये पद खाली पड़े हैं। निगम में भाजपा की सत्ता आए एक साल हो चुका है, इस दौरान सामान्य सभा की दो महत्वपूर्ण बैठकें हो चुकी हैं, परंतु दोनों में एल्डरमैन की गैरमौजूदगी महसूस की गई। ध्यान रहे कि प्रदेश में कांग्रेस शासनकाल में नियुक्त किए गए मनोनीत पार्षदों (एल्डरमैन) की नियुक्तियां 22 दिसंबर 2023 को निरस्त कर दी गई थीं।

भाजपा में बिलासपुर, बिल्हा, बेलतरा और तखतपुर के विधायक, पूर्व मंत्री और वर्तमान मंत्री अपने-अपने समर्थकों के नाम आगे बढ़ा रहे हैं। दरअसल वैसे तो इनकी नियुक्ति राज्य सरकार के द्वारा होती है, लेकिन यह पूरी तरह राजनैतिक नियुक्तियां ही मानी जाती हैं। राज्य सरकार ऐसे ही लोगों को नियुक्त करती है जो




निकायों के प्रशासन का अनुभव रखते हैं। यही वजह है कि पूर्व पार्षद और एल्डरमैन ही दोबारा इस पद पर आ जाते हैं। यह भी लगभग तय रहता है कि जिसकी राज्य में सरकार होती है, एल्डरमैन भी उसी पार्टी से जुड़े लोगों को बनाया जाता है। इसके पीछे की वजह यह है यह राज्य सरकार विशेषाधिकार है कि वह किसी को भी नियुक्त कर सकती है। राज्य सरकार की नियुक्ति कोई चुनौती भी नहीं दे सकता।

### फाइल एक बार बढ़ीं लेकिन बात नहीं बनी

2023 में जब भाजपा की सरकार बनी तो उसने सभी एल्डरमैन को बर्खास्त कर दिया। 2024 में यह तय हुआ कि नगरीय निकाय चुनाव होने वाले हैं, इसके बाद ही एल्डरमेन नियुक्त होंगे। जनवरी 2025 में नगरीय निकायों का भी रिजल्ट आ गया। फिर एक बार फाइल आगे बढ़ी, लेकिन तब संगठन चुनाव में भाजपा पार्टी लग गई। संगठन चुनाव के बाद बिहार चुनाव में बड़े नेताओं की ड्यूटी लगा दी गई। अब यह उम्मीद जताई जा रही है कि अगले एक-दो महीने में एल्डरमैन की नियुक्तियां हो जाएंगी। निकायों में नियुक्त होने वाले पार्षदों को वार्ड पार्षद की तरह ही पार्षद निधि प्रदान की जाती है। निगम की हरेक बैठक में शामिल होकर विकास कार्य सहित अन्य मामलों में सुझाव भी दे सकते हैं लेकिन वोटिंग का अधिकार नहीं होता।

### प्रदेश में 664 एल्डरमैनों की नियुक्ति अटकी

बता दें कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 9 के तहत नगरीय निकायों में एल्डरमैन एवं दिव्यांग मनोनीत सदस्य नियुक्त किए जाते हैं। नगर निगमों में 8, नगर पालिकाओं में 5 और नगर पंचायतों में 3 एल्डरमैन नियुक्त किए जाते हैं। वार्डों की संख्या अधिक होने पर इनकी संख्या बढ़ सकती है। फरवरी में निकाय चुनाव में राज्य में 10 नगर निगमों, 49 नगरपालिकाओं और 113 नगर पंचायतों में चुनाव हुए हैं। इस हिसाब से नगर निगम में 80, नगर पालिका में 245 और नगर पंचायतों 339 में एल्डरमैनों की नियुक्ति की जानी है। इस तरह से 664 एल्डरमैनों की नियुक्ति की होगी।

### राजनीतिक शक्ति संतुलन का मुद्दा

स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि 11 में से अधिकतर पदों पर भाजपा के पुराने पार्षद, पूर्व एल्डरमैन और संगठन से जुड़े अनुभवी चेहरों की दावेदारी मजबूत है। निकायों में लगभग दो साल से लंबित यह नियुक्ति अब राजनीतिक शक्ति संतुलन का अहम मुद्दा बन गई है। इसमें सभी बड़े नेता अपने चहेतों को एल्डरमैन की जिम्मेदारी दिलाने में लगे हुए हैं। पिछली सरकार कांग्रेस की थी तो सभी निकायों में कांग्रेसियों को ही एल्डरमैन बनाया गया था। इस बार भाजपा की सरकार में कई भाजपाई नेता एल्डरमैन के लिए मशक्कत करते नजर आ रहे हैं।

### शासन को भेजा गया है नाम

बिलासपुर नगर निगम में पहले 6 एल्डरमैन होते थे। फिर वार्डों की संख्या 70 हुई तो अब 11 एल्डरमैन होंगे। इसके लिए नाम लेकर शासन को भेज दिया गया है। जल्द ही बिलासपुर सहित प्रदेशभर में एल्डरमैन की नियुक्ति की जाएगी

- **श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर ननि, बिलासपुर

---

**भारत सरकार से मिले 14 करोड़ , पहले चरण में 93 परिवार विस्थापित**

# एटीआर कोर जोन का तिलई डबरा मुंगेली के सांवतपुर में विस्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के 19 गांवों में से तीन गांव के विस्थापन की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है, जिसमें कोर जोन में बसे एक गांव तिलईडबरा के 93 परिवार का विस्थापन मुंगेली के सांवतपुर क्षेत्र में किया जाएगा। इसके लिए भारत सरकार से 14 करोड़ रुपए मिलने के बाद प्रबंधन ने सांवतपुर में भी तैयारी शुरु कर दी है। एटीआर जंगल में बसे ग्रामीणों को दूसरे स्थान पर विस्थापित करने की प्रक्रिया करीब 12 वर्ष से चल रही है।

पूर्व में 6 गांव में रहने वाले लोगों को लोरमी और मुंगेली क्षेत्र में विस्थापित करने के उपरांत चार साल से कोर जोन में बसे तीन गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के करीब 133 परिवारों के विस्थापन करने का कार्य हो रहा है। पूर्व राज्य सरकार ने ग्रामीणों को विस्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक राशि का बजट प्रस्ताव बनाया, लेकिन बाद में यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई। एक बार फिर तीनों गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के ग्रामीणों के विस्थापित की योजना शुरु कर दी गई है, जिनके 171 परिवार के लिए मुंगेली के जोगीपुर और भरतपुर में 255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई है। इन 171 परिवार में से प्रत्येक परिवार के एक-एक सदस्य को 15-15




**16 गांवों का विस्थापन बाकी**

पिछले कई सालों से तीन गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के विस्थापन की प्रक्रिया अब तक समाप्त नहीं हुई है। इन तीन गांव सहित कोर जोन में अचानकमार, बिंदावल, सारसडोल, छपरवा, लमनी, अतरियाखार, रंजकी, सुरही, अतरिया, बम्हनी, कटामी, जांकडबांधा, निवासखार, महामाई, डंगनिया और राजक एवं बफर जोन में जमुनाही, बोईरहा, पटपरहा, चकदा व सिवलखार आदि शामिल है।

लाख रुपए की राशि दी जानी है, ताकि वे एटीआर को खाली करने के बाद दूसरे स्थान पर चले जाएं। इन परिवार के अगर कोई सदस्य राशि लेना नहीं चाहते हैं तो उस सदस्य को 3 एकड़ जमीन के साथ आवास भी बनाकर देने का निर्णय लिया गया है। इन सभी परिवारों के लिए मुंगेली वन मंडल क्षेत्र में जगह चिन्हांकित करने के बाद पहले चरण में पेड़ों की कटाई करने के बाद लैंड डायवर्सन के साथ अन्य कार्य पूरा कर लिया गया है।0 दी जाएगी सारी सुविधाएंएटीआर प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार पहले चरण में शासन से 14 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृति होने के बाद मुंगेली के सांवतपुर क्षेत्र में कोर जोन में बसे तिलईडबरा के विस्थापन का कार्य शुरु कर दिया गया है, जिसमें 93 परिवार शामिल हैं। उक्त स्थान पर विस्थापितों को सारी सुविधाएं जिसमें मकान, सामुदायिक भवन, बिजली, कृषि भूमि, आवासीय भवन, बाड़ी, आंगनबाड़ी, स्कूल सहित अन्य कार्य करके दिए जाएंगे। 0 111 परिवारों को मिलेगा मकानप्रबंधन के अनुसार मुंगेली के भरतपुर में बिरारपानी और छिरहट्टा के ग्रामीणों को और सावतपुर में तिलईडबरा के ग्रामीणों को विस्थापन करने का कार्य किया जाएगा। इसमें 133 परिवार हैं, जिसमें से 15 लोगों ने आप्शन वन के तहत 15 लाख रुपए की मांग की है। वहीं 111 परिवार मकान, खेत व अन्य सुविधाएं लेना चाहते हैं। इसमें प्रति परिवार के एक सदस्य को को 2.3 हेक्टेयर जमीन दी जाएगी। प्रथम चरण में तिलईडबरा के विस्थापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद दूसरे चरण में छिरहट्टा और बिरारपानी के परिवारों का विस्थापन किया जाएगा, जिसके लिए आगामी वित्तीय वर्ष यानि अप्रैल माह के उपरांत राशि के लिए प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है।

### शुरु कर दी गई है प्रक्रिया

अचानकमार टाइगर रिजर्व में एक समय टाइगरों की संख्या काफी थी, जो बढ़कर 18 हो गई है। यह जंगल की प्रकृति का असर है, जिसके कारण संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। इसके अलावा तिलईडबरा का विस्थापन मुंगेली के सांवतपुर में किया जाना है, जिसके लिए प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। बचे हुए गांव के विस्थापन का कार्य जल्द ही शुरु किया जाएगा।

-**यूआर गणेश**, डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

---

# गर्मी के धान का रकबा तीन हजार हेक्टेयर घटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी में धान की फसल लेने वाले किसानों की लगातार बढ़ती संख्या और भूजल स्तर में गिरावट के बीच इस साल एक अच्छी खबर आ रही है। बीते साल की तुलना में इस साल गर्मी के धान के रकबे में तीन हजार हेक्टेयर की गिरावट दर्ज की गई है। इसे किसानों के बीच जागरूकता का संकेत भी कहा जा सकता है।

**■ गिरते भूजल स्तर से बढ़ रही थी चिंता**

खरीफ की कटाई के बाद किसानों ने रबी में दलहन, तिलहन और धान की फसल लेने की तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसके अंतर्गत किसानों के द्वारा धान के कुल रकबे का बीस प्रतिशत बोनी भी कर लिया गया है।बीते साल की तुलना में इस साल गर्मी के धान का रकबा कम होना एक अच्छा संकेत है। इससे किसानों की जागरूकता का भी पता चलता है। ज्यदातर किसान गर्मी के धान का मोह छोड़ नहीं पाते हैं। इसके विपरीत धान के रकबे में इस साल करीब तीन हजार हेक्टेयर से भी अधिक रकबे में कमी आना कहीं ना कहीं घटते भूजल को लेकर किसानों में भी चिंता व जागरूकता माना जा सकता है।

### गेहूं व दलहन की ओर बढ़ा रूझान

किसानों का गर्मी के धान को लेकर इस साल जहां रूझान कम हुआ है, वहीं गेहूं व दलहन की ओर झुकाव देखा जा रहा है। बीते साल जिले में गेहूं का रकबा 7. 652 हेक्टेयर था जो कि इस साल बढ़कर 8 180 हो गया है। इसी तरह बीते साल दलहन का रकबा बीते साल 7. 647 था। जो कि इस साल बढ़कर 9 210 हो चुका है। दलहन फसलों में किसानों ने इस साल चना, मटर, बटरी, उड़द, तिवरा व कुल्थी की फसल ली है।

### गर्मी का धान सींचने सुखा दिए जाते हैं बांध

गर्मी का धान लेने वाले ज्यादातर किसान ऐसे हैं, जिनके पास खुद का बोर है। गर्मी बढ़ने और भूजल स्तर में गिरावट आने के बाद बोर से भी पानी की पूर्ति नहीं हो पाती। ऐसे में किसान आसपास के बांध से मोटर पंपों के जरिए पानी खींचने लगते हैं। कई बांधों में हालत यह हो जाती है कि बांध का पूरा पानी खींच लिया जाता है और निस्तारी तक के लिए पानी शेष नहीं रहता।

### किसानों की जागरूकता एक अच्छा संकेत

गर्मी के धान का रकबा कम होना किसानों की जागरूकता का संकेत माना जा सकता है। भविष्य में गर्मी का धान लेने वाले किसानों की संख्या में आगे और भी गिरावट आ सकती है। किसान रबी सीजन में गेहूं व दलहन फसलों से भी अच्छा लाभ कमा सकते हैं।

-**पीडी हथेश्वर**, डीडीए

---

# जनदर्शन में पहुंचा जमीन विवाद

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में अवैध कब्जे, जमीन विवाद, नामांतरण, सीमांकन की शिकायत सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जनदर्शन में आवेदन दिया गया।

कलेक्टर ने जनदर्शन में आए प्रत्येक व्यक्ति से उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। लोगों ने जनदर्शन में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक हित से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दिया। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने भी लोगों की समस्याओं को सुना। जनदर्शन में आज ग्राम पंचायत मिट्ठू नवागांव के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए भवन निर्माण कराए जाने की मांग की। कलेक्टर ने डीईओ को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है। लिंगियाडीह के वृद्धा गुंजा धुरी ने शासकीय आवासीय मकान दिलाने की गुहार लगाई। वृद्धा गुंजा धुरी ने बताया कि उनके पति का देहांत हो चुका है। वे अत्यंत गरीब है और उनके पास आय का कोई साधन भी नहीं है। उन्होंने शहर में ही अटल आवास दिलाने की मांग की है। उनके आवेदन को नगर निगम आयुक्त को सौंपा। बिल्हा के ग्राम बोड़सरा निवासी अजय ने बताया कि वे अपना स्वयं का रोजगार करना चाहते हैं। शासन की योजना अंतर्गत लोन दिलाने की गुहार लगाई जिससे वे वेल्डिंगं दुकान खोलकर अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सके। कोटा के कुरदर निवासी हरिशचन्द्र मिरी ने लक्ष्मी प्रसाद द्वारा उनके जमीन पर किए गए अवैध कब्जे की शिकायत की।

### मरीमाई माता पूजा महोत्सव मई में

**बिलासपुर।** श्री मरीमाई माता पूजा महोत्सव दुर्गा पंडाल कंस्ट्रक्शन कालोनी का इस वर्ष 20 वां वर्ष है। इस वर्ष माता पूजा 2 मई को राटा पूजा होगी। 4 मई को माता का आगमन एवं 10 मई को विसर्जन किया जाएगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इसमें समिति के नए अजय सिंह ने बताया कि 2 मई को राटा पूजा (काष्ठ देवता पूजा) होगी। 4 मई को माता का आगमन एवं 10 मई को विसर्जन का कार्यक्रम है। आगे और भी बैठकें कर माता पूजा का पूरी रुपरेखा तैयार कर लेंगें। काम का बंटवारा भी किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव एन मनोहर राव, बी ईश्वर राव, प्रकाश यादव, गंगा राजू, एस बाबाजी राव, के रवि कुमार, संदीप दास, पी धर्मा राव, एस श्रीनिवास राव, सुनील उपाध्याय, रविखन्ना, व्ही मधुसूदनराव, एन संतोष, एल राजुलू, वाई अप्पा राव, बी गौरी शंकर, आर श्रीनिवास राव, एम रामलू, गोवर्धन राव, सी श्रीनिवास राव, निखिल, ओलेश्वर राव, राहुल, किरण, भास्कर राव आदि मौजूद थे।

# अशोक व अभिषेक का मनाया गया जन्मदिन



**बिलासपुर।** प्रकाश श्रीवास एवं राजन श्रीवास के नेतृत्व में बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं अभिषेक अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनके निवास जाकर शुभकामनाएं दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से नन्दू यादव, प्रदीप पटेल, दीपक श्रीवास, मनीष शिव, मनोज कौशिक, सोनू भाउ, अनिकेत सोनवानी, अमित टोप्पो, महेश्वर केसरी, हर्ष मिश्र, सुदीप यादव गितेश निर्मलकर, रूपेश साहू, आयुष यादव, रजत तिवारी, सनी सोनकर, जय निर्मलकर, प्रिंस कश्यप, संगम कुर्रे, रवि श्रीवास, सौरभ यादव, कन्हैया साहू आदि उपस्थित थे। बधाई देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

---

**केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय, यूजीसी को भेजा जा रहा पद व फंड का प्रस्ताव**

# दैवेभो कर्मचारियों के लिए पद नहीं व रिक्त पदों को सीधी भर्ती से भर रही सीयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण का लाभ देने पद नहीं होने की बात कही रही है और यूनिवर्सिटी इन कर्मचारियों के लिए पद एवं फंड के लिए केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय सहित यूजीसी को प्रस्ताव भेज रही है। वहीं दूसरी ओर सेंट्रल यूनिवर्सिटी हाईकोर्ट से नियमितीकरण का मामला हारने के बाद प्रकरण को न्यायालय में उलझाए रखी और कर्मचारियों के जो रिक्त पद थे उन्हें सीधी भर्ती से भरते गई।

गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में स्टेट यूनिवर्सिटी के समय से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी 109 कर्मचारियों के नियमितीकरण मामले में यूनिवर्सिटी कानूनी लड़ाई हार गई है और हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कर्मचारियों के पक्ष में फैसला आया था। अब सवाल यह उठता है कि जब हाईकोर्ट से फरवरी 2023 में ही कर्मचारियों के पक्ष में फैसला आ गया था तो सेंट्रल यूनिवर्सिटी उन कर्मचारियों के लिए रिक्त पदों को बचाए रखने के बजाए चालाकीपूर्वक रिक्त पदों को भरने सीधी भर्ती तहत पिछले साल विज्ञापन जारी कर काफी सारे रिक्त पदों पर नियुक्ति कर ली है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा नान टीचिंग पदों पर भर्ती प्रक्रिया तहत चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति नवंबर 2025 में की गई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में स्टेनोग्राफर समेत लोअर डिवीजन एवं अपर डिवीजन क्लर्क के पदों के लिए जुलाई 2025 में लिखित और कौशल परीक्षा हुई थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नान टीचिंग के रिक्त 53 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसमें एलडीसी के 36 पदों के लिए 4 हजार 958 आवेदन आए थे, जिनमें से 4 हजार 664 लोगों के आवेदन वैध पाए गए थे और उन्हें लिखित परीक्षा के लिए बुलाया गया था। इसी तरह अपर डिवीजन क्लर्क यूडीसी के 4 पदों के लिए लिखित परीक्षा एवं टायपिंग टेस्ट हुआ था। यूडीसी के लिए 407 आवेदन आए थे।

### पिछले माह फिर निकाला गया था भर्ती विज्ञापन

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा पिछले माह दिसंबर 2025 में नान टीचिंग के फिर कुछ पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया है और 26 जनवरी 2026 तक आवेदन मंगाए गए हैं। इसमें सीनियर टेक्नीकल असिस्टेंट के एक पद, अपर डिवीजन क्लर्क के एक पद, लोवर डिवीजन क्लर्क के एक पद एवं लाइब्रेरी असिस्टेंट के एक पद और लैब्रोटरी असिस्टेंट के दो पद शामिल हैं। इन नान टीचिंग पदों के लिए पिछले बार भी आवेदन मंगाए गए थे और कौशल, लिखित परीक्षा के बाद चयन सूची जारी की गई थी, किन्तु जिस कैटेगिरी के लिए ये पद निर्धारित थे उसमें से योग्य उम्मीदवार नहीं पाए गए थे। इसलिए यूनिवर्सिटी ने फिर से विज्ञापन निकाला है।

### पत्र भेजने की चल रही तैयारी

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में न्यायालय का फैसला आने के बाद दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंधी मामले में कार्य परिषद की बैठक हुई थी। इसमें यह फैसला लिया गया है कि यूनिवर्सिटी के पास पद नहीं है इसलिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी को पत्र लिखकर पद एवं फंड की मांग की जाए। इसके तहत पत्र भेजने की तैयारी चल रही है।

-**प्रो. मनीष श्रीवास्तव**
मीडिया प्रभारी, सीयू

### केन्द्रीय जेल में हेपेटाइटिस जांच शिविर, 200 कैदियों की स्क्रीनिंग



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा केन्द्रीय जेल में कैदियों के लिए सघन स्वास्थ्य परीक्षण एवं हेपेटाइटिस जांच शिविर का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल के निर्देशन में आयोजित शिविर में 200 कैदियों की हेपेटाइटिस बी एवं हेपेटाइटिस सी की जांच की गई। केंद्रीय जेल में आयोजित शिविर में जांच प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2 लैब टेक्नीशियन तथा 2 डाटा एंट्री ऑपरेटर/जे.एस.ए. की ड्यूटी लगाई गई। जिन्होंने निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार परीक्षण संपन्न कराया। इस शिविर का संचालन आरसीएच डॉ. रक्षित जोगी के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट एपिडेमियोलॉजिस्ट पंकज सिंह, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर इंजीनियर श्याम मोहन दुबे, एम.एल.टी. एवं जे.एस.ए. स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान से चोर ले उड़े जेवर, नकद

**बिलासपुर।** घरवाले लोककला कार्यक्रम देखने चले गए, इधर चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए धावा बोलकर जेवर व नकद रकम चोरी कर आसानी से भाग गए। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोटा पुलिस के अनुसार ग्राम पोड़ी निवासी किसान जगन्नाथ बंजारे पिता रामकपाल बंजारे 11 जनवरी को रात में खाना खाने के बाद दरवाजे में ताला लगाकर गांव में चल रहे लोक कलाकार विरेन्द्र चतुर्वेदी का कार्यक्रम देखने चले गए। रात 2.30 बजे श्री बंजारे परिवार सहित घर आए तो दरवाजा खुला मिला। संदूक का सामान बिखरा पड़ा था। उसमें रखे 2 नग सोने का मंगलसूत्र, चांदी का लछा, 25 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना करने के बाद लौट गई। पुलिस ने श्री बंजारे की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पकड़ा गया पश्चिम बंगाल का फरार आरोपी

**बिलासपुर।** पश्चिम बंगाल के फरार आरोपी को आरपीएफ ने पकड़कर तारबाहर थाने के सुपुर्द किया है,



जिसके पास से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस जब्त करने के बाद आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मुखबिर से सूचना मिली कि कंस्ट्रक्शन कालोनी उर्दू स्कूल के पास एक व्यक्ति अपने हाथ में थैला लेकर संदिग्ध अवस्था में खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही आरपीएफ और तारबाहर पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ने के बाद तलाशी ली। इस दौरान उसके पास एक नग देशी कट्टा और एक नग जिंदा कारतूस, मोबाइल, तीन ट्रेन टिकिट बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी के पूर्व वर्धमान पश्चिम बंगाल कठुआ निवासी सद्दाम हसन शेख पिता जंगल शेख 32 साल के होने की जानकारी मिली। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### पेट्रोल पंप कर्मी से लूट का दूसरे दिन भी सुराग नहीं

**बिलासपुर।** रिवाल्वर दिखकर पेट्रोप पंप कर्मी से नकद रकम लूटने वाले लुटेरों का पुलिस दूसरे दिन भी सुराग नहीं लगा पाई है। ज्ञात हो कि रतनपुर क्षेत्र के जाली स्थित बीबी पेट्रोल पंप के सेल्समेन बसंत कुमार कैवर्त पिता रामचरण कैवर्त 20 साल 11 जनवरी की रात 11 बजे अकेले ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान बिना नम्बर के पल्सर में तीन 3 लड़के आए और एक हजार का पेट्रोल भरने के लिए कहा। पेट्रोल डालने के बाद युवक पेमेंट करने के लिए स्केन करने के लिए उसके पास आए। सेल्समेन को धक्का मारकर एक युवक रिवाल्वर निकाल लिया और बिक्री रकम 10 से 15 हजार रुपए लूटकर बाइक से भाग गए थे। पुलिस ने सेल्समेन की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ 309, 4, 3, 5 के जुर्म दर्ज कर लिया है। बहरहाल दूसरे दिन भी पुलिस लुटेरो का सुराग नहीं लगा पाई है।

**मिट्टी उत्खन्न के बाद काम शुरू** | **छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड को मिली जिम्मेदारी**

# 14 एकड़ जमीन पर बनेगा आयुर्वेदिक कालेज, खर्च होंगे 83 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



संभाग के सबसे बड़े आयुर्वेदिक कालेज का सपना जल्द ही साकार होने वाला है। आयुष विभाग द्वारा कोनी क्षेत्र के रमतला गांव में 83 करोड़ की लागत से आयुर्वेदिक कालेज और अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

खास बात यह है कि जमीन के लिए लंबे समय से उठापटक के बाद कालेज के लिए जमीन मिलते ही आयुष फंड से निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। जल्द ही आयुर्वेदिक कालेज और अस्पताल बनकर तैयार होगा। रतमला में 14 एकड़ जमीन पर निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। बताया जा रहा है कि 83 करोड़ रूपए से होने वाले निर्माण के लिए सीजीएमएससी को एजेंसी बनाया गया है, वहीं निर्माण का ठेका बालाजी इंजीकान्स को दिया गया है। वर्तमान में मिट्टी खनन का काम तेजी से किया जा रहा है। दरअसल पिछले 12 सालों से आयुर्वेदिक कालेज किराए के भवन में संचालित किया जा रहा है, जिसके किराए में 2 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है।

जबकि वर्तमान में आयुर्वेदिक अस्पताल भी पूरी तरह से जर्जर होने लगा है, यहां मेंटनेंस में भी काफी रूपए खर्च हो रहे है। ऐसे में आयुष विभाग द्वारा 24 माह में आयुर्वेदिक कालेज व अस्पताल बनाने का ठेका दिया गया है।

### स्टूडेंट को होती है दिक्कत

किराए के भवन में कालेज शुरू करने और नियमों के उल्लघंन पर साल 2015 में कालेज की मान्यता रद्द करने की सिफारिश की थी, लेकिन सीसीआईएम ने अधिकारियों के दबाव के बाद कालेज की मान्यता यथावत रखी थी, तब से अबतक कालेज किराए के भवन पर चल रहा है। बताया जाता है कि सरकंडा स्थित अस्पताल और जूना बिलासपुर स्थित नागोराव शेष स्कूल बिल्डिंग में चल रहे कालेज के बीच स्टूडेंट को जूझना पड़ता है। उनका ज्यादातर समय आने व जाने में चला जाता है, जिससे असुविधा होती है।

### 264 करोड़ रूपए का है फंड

शासन ने आयुर्वेदिक कालेज के निर्माण के लिए 264 करोड़ रुपए का फंड सुरक्षित रखा है, लेकिन निर्माण के लिए अबतक 94 करोड़ रुपए के आसपास ही स्वीकृति मिली है। इस राशि से कालेज, अस्पताल, छात्रावास, प्रशासनिक भवन, बिजली व्यवस्था और अन्य सुविधाएं जुटाई जा सकेगी।

### स्टूडेंट को सुविधा मिलेगी

सीजीएमएससी ने निर्माण कार्य शुरू कराया है, दो सालों में कालेज और अस्पताल बनाया जाना है। इससे स्टूडेंट को सुविधा मिलेगी।

**-डॉ जीआर चतुर्वेदी**, प्राचार्य, आयुर्वेर्दिक कालेज

---

40 हजार घरों को पहुंची राहत

# बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट से पानी सप्लाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बिरकोना स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से शहरवासियों को पानी सप्लाई शुरू कर दी गई है। इससे 40 हजार घरों को राहत मिली है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, पानी पहले टंकियों में भरा गया और उसके बाद चरणबद्ध तरीके से अलग-अलग वार्डों में पानी छोड़ा गया।

- अरपापार के 6 और शहर की 16 टंकियां भरी जाएंगी

गौरतलब है कि 31 दिसंबर को बिरकोना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के एक चेंबर का वाल्ट अचानक तेज प्रेशर के कारण फट गया था। इस घटना के बाद पूरे शहर की जलापूर्ति व्यवस्था ठप हो गई थी। चेंबर की मरम्मत के बाद जब दोबारा पानी छोड़ने की तैयारी की गई तो अशोक नगर क्षेत्र में मेन पाइपलाइन टूट गई। इसके चलते निगम को दोबारा खुदाई कर पाइपलाइन की रिपेयरिंग करानी पड़ी। एक के बाद एक तकनीकी खामियों के कारण कुल 14 दिनों तक जलापूर्ति पूरी तरह बंद रही। पिछले तीन दिनों से कई इलाकों में पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंची, जिससे लोग टैंकर, बोर और निजी साधनों पर निर्भर रहे। कई इलाकों में लोग दूर-दराज से पानी ढोते नजर आए। निगम के टैंकर भी मांग के मुकाबले कम साबित हुए। लगातार शिकायतों और दबाव के बाद मरम्मत कार्य को तेज किया गया।

### 70 वार्डों में 35 एमएलडी अमृत मिशन से

रेलवे क्षेत्र के दो वार्डों को छोड़कर 68 वार्डों में निगम रोजाना 72 एमएलडी यानी 7 करोड़ 20 लाख लीटर पानी की सप्लाई करता है। इसमें करीब 35 एमएलडी अमृत मिशन का है, लेकिन निगम का 10 से 15 एमएलडी पानी रोज बरबाद हो रहा है। कहीं पाइप लाइन में लीकेज है, तो कहीं पाइप टूटा हुआ है। यही नहीं कहीं वाहनों को धोने में तो कहीं सड़कों को चमकाने में रोज पानी सड़कों पर बह जाता है।

## प्रतिबंध के बाद भी बिक्री, 10 पतंग दुकानों की जांच







**बिलासपुर।** मकर संक्रांति पर होने वाली पतंगबाजी को लेकर छत्तीसगढ़ में बिकने वाले चीनी मांझे को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। चीनी मांझे उपयोग में नहीं लाना है इसके लिए सरकार ने आदेश भी जारी कर दिया है। इसके बाद भी इसकी बिक्री जारी है। इसकी शिकायत मिलने पर नगर निगम ने पर्यावरण संरक्षण मंडल के साथ मिलकर शहर के 10 पतंग दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान दुकान संचालकों को चाइनीज धागे से बने मांझे के विक्रय नहीं करने की समझाइश तथा चेतावनी दी गई। संयुक्त टीम ने शहर के तेलीपारा,गोल बाजार,सदर बाजार तथा प्रमुख बाजारों में जाकर 10 पतंग दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों से सिंगल यूज प्लास्टिक पाया गया,जिसके बाद 11 हजार का अर्थदंड लगाया गया है।

**अपराधी बेखौफ :** फिर सिविल लाइन क्षेत्र के

# कस्तूरबानगर में युवती व युवक पर चला चाकू

**बिलासपुर।** एक बार फिर बदमाश युवक ने गुण्डागर्दी करते हुए छोटी बहन से विवाद करते देख बीच बचाव करने गई बड़ी बहन पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया है। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस हमलावर को नहीं पकड़ पाई है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कस्तूरबानगर निवासी संजना वाधवानी पिता नंदलाल वाधवानी वर्तमान में वे दिल्ली में कपड़ा दुकान में काम करती है। दो दिन पूर्व वह अपनी बहन रीता वाधवानी के घर कस्तूरबानगर मिलने आई है। 12 जनवरी को शाम 7 बजे राजेन्द्र यादव उनकी छोटी बहन रीता वाधवानी को परेशान कर गाली गलौज कर रहा था। छोटी बहन से विवाद होते देख संजना बीच बचाव करने गई। जिससे उक्त युवक उनके साथ गाली गलौज करते हुए जेब से चाकू निकालकर बाए सीने पर जान लेवा हमला कर दिया। बचाव करते समय उनके हथेली में भी चोट आई है। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ लगने पर हमलावर भाग निकला। पुलिस ने संजना वाधवानी की रिपोर्ट पर हमलावर राजेन्द्र यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है। पुलिस हमलावर चाकूबाज को नहीं पकड़ पाई है।

### बाइक टकराने पर नशेड़ी ने युवक पर चाकू से किया हमला

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कस्तूरबानगर दुर्गा मंदिर निवासी आयुष उर्फ वीर सारथी पिता बाली सारथी 13 जनवरी को बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक मोहल्ले के नशेड़ी प्रथम पारचे के बाइक से टच हो गया। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। आक्रोशित होकर नशेड़ी प्रथम पारचे ने आयुष पर चाकू से हमला कर दिया। बड़ी संख्या में दोनों पक्ष के लोग सिविल लाइन थाने आकर एक दूसरे पर आरोप लगाकर कार्रवाई करने की मांग करने लगे। टीआई एसआर साहू ने बताया कि दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट की काउंटर अपराध दर्ज किया गया है।

### 13 दिन में 5 वीं चाकूबाजी

नया साल शुरू होते ही सिविल लाइन क्षेत्र में अपराधी बेखौफ होकर चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। महज 13 दिन में 5 वीं चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। 2 जनवरी को 27 खोली निवासी ओमप्रकाश धोबी, 4 जनवरी को मंगला चौक में संतोष बसौड़ ने अपनी पत्नी नीनू बाई बसौड़ पर चाकू से हमला कर स्वयं पर हमलाकर किया हमला, 7 जनवरी को कुदूदण्ड गायत्री मंदिर निवासी शेख जुनैफ व 13 जनवरी को कस्तूरबानगर में दो लोगों पर चाकू से हमला किया गया है। वीआईपी इलाका होने के बाद भी पुलिस का अपराधियों पर नियंत्रण नहीं है।

### नहीं लिखा जा रहा चाकू से हमला

अपराधी बेखौफ होकर चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दे रहे है। इधर थाने में रिकार्ड कम करने के फिर में एफआईआर में चाकू के बजाए नुकीली वस्तु, धारदार हथियार से हमला लिखकर खानापूर्ति किया जा रहा है। इससे अपराधियों के हौसले और बुलंद हो रहे है।

स्वामी जी 93406-38884
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मार्च 2026 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशिः स्लीपर-20500/- ऑफर 18,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच 11 फरवरी, 18 मार्च
08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

# वजन से ज्यादा धान लिया प्रभारी व आपरेटर निलंबित

**बिलासपुर।** उपार्जन केंद्र पोंड़ी में अपने परिचित को गलत तरीके से 7 सौ नग बारदाना उपलब्ध कराने, निर्धारित वजन से अधिक धान तौल करने, खाली बारदानों को बेतरतीब रखने एवं नियमानुसार स्टैकिंग नहीं करने के कारण धान खरीदी प्रभारी को निलंबित किया गया है। ट्रांसफर के बाद अन्य उपार्जन केंद्र में पदस्थ होने के बाद भी पोंड़ी उपार्जन केंद्र में हस्तक्षेप करने वाले आपरेटर को भी निलंबित करते हुए प्राधिकृत अधिकारी को भी हटाने की कार्रवाई की गई है।

तखतपुर ब्लॉक के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र पोड़ी (करनकापा) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धान के सुरक्षित रख रखाव हेतु शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन नही किया जाना पाया गया। इसी तरह पूर्व में की गई जाँच में समिति के बारदानों का वितरण अपने परिचित किसानों को किए जाने व तय वजन से अधिक तौल किए जाने संबंधी शिकायत पर भौतिक सत्यापन भी किया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान प्रबंधक द्वारा 700 नग खाली बारदाना अपने परिचित को दिया जाना स्वीकार किया गया। धान खरीदी के बाद धान से भरे बोरों की नियमानुसार छल्ली लगाकर रखना भी नहीं पाया गया था। नियमों के विरुद्ध कार्य किये जाने पर धान खरीदी प्रभारी पोड़ी रतन सिंह मरावी को निलंबित कर दिया गया है। इसी तरह पोड़ी के ऑपरेटर टेकलाल जायसवाल विजयपुर में ऑपरेटर का कार्य कर रहे हैं, के द्वारा पोड़ी करनकापा केंद्र में अनाधिकृत रूप से हस्तक्षेप करने पर निलंबित किया गया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर
बाजार मूल्य ₹799 प्रति पीस वाले
मेन्स कुर्ता
प्लेन एवं प्रिंटेड
2 पीस ₹499 में 2 पीस
NEW COLLECTION
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा.
*condition apply
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर



## खबर संक्षेप

### दिनेश बने भाजपा किसान मोर्चा के शहर अध्यक्ष



**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जुझारू, कर्तव्यनिष्ठ एवं कर्मठ कार्यकर्ता दिनेश राजपूत को भाजपा किसान मोर्चा बिलासपुर शहर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। दिनेश राजपूत इससे पूर्व शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष के रूप में सफल कार्यकाल निभा चुके हैं। साथ ही वे भारतीय जनता पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का भी कुशलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रियता, अनुभव और निष्ठा को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अपनी नियुक्ति पर दिनेश राजपूत ने कहा कि, मेरे जैसे छोटे से कार्यकर्ता पर विश्वास जताते भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन, जिला संगठन एवं विधायक धर्मजीत सिंह ठाकुर ने यह दायित्व सौंपा है। उसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

### श्रीमद्भागवत कथा सुनकर भक्ति में डूबे सिलदहा ग्रामवासी

**पथरिया।** ब्लॉक के ग्राम सिलदहा में त्रियुगी नारायण वर्मा के सौजन्य में 9 जनवरी से 17 जनवरी तक नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर प्रसिद्ध कथा वाचिका वर्षा पाठक ने वैदिक मंत्रों के साथ कथा का वाचन शुरू किया। वहीं कथा के दौरान भक्तों को श्रीकृष्ण लीला, भक्ति, ज्ञान एवं धर्म के गूढ़ रहस्यों का सरल एवं भावपूर्ण वर्णन सुनने को मिल रहा है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सोमवार को नरसिंह अवतार एवं गजेन्द्र मोक्ष की भावपूर्ण कथा का वर्णन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बिल्हा सियाराम कौशिक, जसपाल छाबड़ा, भैयालाल परिहार, बलराम जायसवाल, गणेश सोनी शेखर यादव, निलेश साहू एवं अन्य सम्माननीय उपस्थित रहे।



### अखंड नवधा रामायण का समापन कल



**मुंगेली।** समीपस्थ ग्राम खैरवार बैरागी में 6 से 15 जनवरी तक 37वें वर्ष अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 14 जनवरी को जल यात्रा, 15 जनवरी को सहस्त्र धारा एवं विसर्जन रखा गया है। नवधा में आचार्य रामअवतार तिवारी, विष्णु तिवारी, पुजारी हरी वैष्णव, संचालक तुकाराम गर्धव, कुसल राम साहू, रामविहार गर्धव, शत्रुहन धुरव, मनहरण निषाद, गनपत साहू, उमेंद कुमार साहू, मनोज कुमार गर्धव, नंद कुमार साहू, पेरम सागर धुरव, रामाधारा साहू, रामनाथ साहू, प्रदीप साहू, देवचरण ध्रुव, विरेंद्र साहू, लेखराम ध्रुव, रज्जू यादव, बलदेव धुरव, लक्ष्मण साहू आदि ग्रामीण जन कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए है।

### मनरेगा का नाम बदलने पर एनएसयूआई का प्रदर्शन



**तखतपुर।** एनएसयूआई तखतपुर की ओर से नया बस स्टैंड पर विधानसभा अध्यक्ष प्रियांशु डहरिया, छात्र नेता दीपक लहरे के नेतृत्व में पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध मनरेगा के नाम को बदलने के प्रयास एवं वाराणसी में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में किए जा रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर हुए बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज के विरोध में किया गया। तखतपुर विधानसभा अध्यक्ष प्रियांशु डहरिया ने कहा कि, मनरेगा कांग्रेस सरकार की ओर से गरीबों और मजदूरों के लिए बनाया जनकल्याणकारी कानून है। भाजपा सरकार इसका नाम बदलकर गरीबों के अधिकारों को कमजोर करना चाहती है। इस अवसर पर प्रियांशु डहरिया, दीपक लहरे, अजय ध्रुव, तुषार बंजारे, मोहम्मद सिफ्तैन जिन्दरान व प्रफुल्ल सूर्यवंशी, हिरेंद्र जांगड़े, ममता धुरी, जगजीत सिंह भंडारी, रोहित दिवाकर, प्रभु गुलाब, गोल्डन, नमन, यशपाल आर्य, सचिव रितेश कुमार, कुलदीप महादेव, अर्जुन लोधी, राहुल गेंदले, अंजली डहरिया, सहसचिव देव कुमार, विक्रम जाटवर, आर्यन कुर्रे, शिवनंदन मरकाम, राविल बंजारे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### तोखन ने ली दिशा एवं सतर्कता निगरानी समिति की बैठक

# जिले को प्रथम पायदान पर लाने टीम भावना से कार्य करें अफसर: साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

बिलासपुर सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' तथा शहर स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई, तथा लंबित प्रकरणों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

■ जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा, ईई को फटकार

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री साहू ने कहा कि, सभी जिला स्तरीय अधिकारी शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजना का लाभ पहुंचना चाहिए। उन्होंने जिले को प्रथम पायदान पर लाने के लिए सभी अधिकारियों को टीम भावना एवं समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी सहित अन्य जनप्रति व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। श्री साहू ने बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए मनरेगा अंतर्गत लंबित भुगतानों को लेकर शेष भुगतानों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत लखपति दीदी एवं डीडीयू-जीकेवाई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास चौपाल के माध्यम से लंबित कार्यों को पूर्ण करने के साथ ही दूसरी किस्त में अनावश्यक देरी न करने, विस्थापन एवं वन क्षेत्रें में निवासरत लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु बेहतर प्रयास करने तथा समय-सीमा के भीतर आवास को पूर्ण कर लाभार्थियों को लाभ दिलाने पर जोर दिया। तोखन साहू ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सोख्ता गड्ढों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा सामुदायिक शौचालयों को लेकर प्राप्त शिकायतों पर उन्होंने जल्द कार्य पूर्ण कर नियमित साफ-सफाई एवं रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत प्रसव के दौरान अनावश्यक रूप से अन्य स्थान पर रेफर करने की शिकायतों पर कड़ी नाराजगी जताई और भविष्य में ऐसी शिकायत न आने की चेतावनी दी गई। उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही जरहागांव में शीघ्र जनऔषधि केंद्र खोलने निर्देशित किया। महिला एवं बाल विकास की समीक्षा करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने जर्जर भवनों की मरम्मत कराने, साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।



#### अधिकारियों का सम्मान

अंत में उन्होंने श्री साहू राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक आश्वासन एवं कायाकल्प योजना में उत्कृष्ट कार्य हेतु 4 स्वास्थ्य केन्द्रों को किया सम्मानित किया। शासन द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोतरी को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक आश्वासन एवं पीएचसी खपरीकला, पीएचसी सिलदहा और एसएचसी कोदवाबानी को कायाकल्प योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए मामेन्टो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है, जिसका वितरण केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री साहू ने स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारियों को किया।

#### आंगनबाड़ी को लेकर नाराजगी

केंद्रीय मंत्री श्री साहू एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने पिछले दो वर्षों में एक भी आंगनबाड़ी का भूमिपूजन या लोकार्पण न होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। आंगनबाड़ी के खुलने-बंद होने के समय को लेकर भी शिकायतें आईं, जिस पर डीपीओ को फटकार लगाई गई। श्री साहू ने केंद्रीय विद्यालय हेतु भूमि आबंटन या वैकल्पिक व्यवस्था का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति में भारी पेंडेंसी पर चिंता जताते हुए बेहतर मॉनिटरिंग एवं शीघ्र भुगतान के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी आवास के लंबित आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकरण करने के साथ ही सभी सीएमओ को प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला 2.0 के तहत पात्र लोगों को गैस कनेक्शन प्रदाय करने, राशन कार्ड में बड़ी संख्या में नाम कटने की शिकायतों पर पात्र हितग्राहियों का नाम रेस्टोरेशन करने एवं अपात्रें को लाभ न मिले, इसकी सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

#### ईई को लगाई फटकार

तोखन साहू ने जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी एवं घरेलू नल कनेक्शन की समीक्षा की और लापरवाही पर ईई को फटकार लगाई। उन्होंने पीएम जनमन, पीएमजीएसवाई अंतर्गत सड़कों की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई और गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत विधायक की अनुशंसा से कार्य चयनित करने कहा। श्री साहू ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सड़क योजनाओं के अंतर्गत सड़कों को बेहतर गुणवत्ता से बनाने के निर्देश दिए तथा मरम्मत कार्यों के प्रस्ताव बजट में रखने एवं सभी कार्यों का भूमिपूजन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जल संसाधन विभाग अंतर्गत पथरिया बैराज एवं मनियारी जलाशय योजना, बिजली विभाग अंतर्गत पंप एवं ट्रांसफार्मर की स्थिति की समीक्षा की और जिन गांवों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की मांग आई है, उन्हें ग्रीष्म ऋतु से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद स्कूल में वार्षिकोत्सव



## युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति

**बेलतरा।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, तमिल डांस, गरबा, कॉमेडी डांस, वृद्धाश्रम, पौधरोपण एवं सोशल मीडिया जैसे सामाजिक विषयों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया।

विद्यालय के संस्थापक कृष्ण कुमार ताम्रकार ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि, युवा शक्ति ही राष्ट्र का भविष्य है, और विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सतत प्रयासरत है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के गगन कुमार कौशिक की मेहनत की सराहना की। मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी, रमेश कौशिक, राजेंद्र साहू, शीतल दास महंत, जागेंद्र कश्यप, त्रिलोक श्रीवास, ऊषा कश्यप, सत्येंद्र कौशिक, ज्योतिष कश्यप, डॉ राजेश दुबे, रामरतन कौशिक, सुरेश कश्यप, ईश्वरी कौशिक, नीता भारद्वाज, मिथुन वर्मा, संतोष कृष्णा यादव, मनोज कुमार नेताम, प्रतिमा जायसवाल, दुर्गा साहू, पंचराम करपे, कमलेश्वरी, संगीता, शेखर, महावीर यादव, रामपुरी ताम्रकार, पदुम सिंह कोरम, राधेश्याम कोरी, कृष्ण श्रीवास, डॉ मधु कश्यप सहित अशासकीय शिक्षण संघ के पदाधिकारी अहमद मोमिन खान, दीपक शर्मा, प्रवीण वर्मा, लता वर्मा, अखिलेश यादव, गया राम एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि, युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है, और ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। विजय केशरवानी ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर बेलतरा शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का भी सशक्त केंद्र बनकर कार्य कर रहा है। राजेंद्र डब्बू साहू ने विद्यालय के कार्य की सराहना की।

त्रिलोक श्रीवास ने कहा कि हॉयर सेकेंडरी स्कूल से लेकर कॉलेज तक की व्यवस्था यह संस्था करे। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

### विवेकानंद के आदर्शों एवं विचारों को किया गया नमन

**पेंड्रा।** नर्मदांचल बंग समाज के वरिष्ठ एवं सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति में सोमवार 12 जनवरी को स्वामी सेनेटोरियम परिसर स्थित गुरु रवींद्र टैगोर वाटिका में महान विचारक, युगपुरुष एवं राष्ट्रीय प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धा, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई गई। उपस्थित सदस्यों ने उनके आदर्शों, विचारों एवं शिक्षाओं को नमन करते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद के विश्व शांति, मानव सेवा, आत्मबल, युवाशक्ति एवं सामाजिक एकता से जुड़े विचारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि, स्वामी विवेकानंद के प्रेरणास्पद विचार आज भी समाज को सकारात्मक दिशा देने में मार्गदर्शक सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने नर्मदांचल बंग समाज को और अधिक संगठित, सशक्त एवं सक्रिय बनाने, आपसी भाईचारे को मजबूत करने तथा भविष्य में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में एकजुट होकर सक्रिय भागीदारी निभाने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया। कार्यक्रम में शंकर चन्द्र मंडल, केसी चक्रबर्ती, तरुण रक्षित, सुचंदन रक्षित, गोपाल रक्षित, रवींद्र मंडल, जनार्दन मंडल, राजा रक्षित, अलका चक्रवर्ती व नर्मदांचल बंग समाज के अध्यक्ष डॉ सुकांत बिस्वास सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।





## सर्व हिंदू समाज का विराट सम्मेलन

**पेंड्रा।** नगर में सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजन किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री परिवार के माध्यम से मां गायत्री की पूजा-अर्चना एवं एक कुंडी महायज्ञ से किया गया। इस महायज्ञ में नगर के सम्माननीय नागरिकों एवं मातृ शक्तियों ने आहुति देकर अपने भीतर विद्यमान बुराइयों के त्याग का संकल्प लिया। आयोजन में महिलाओं की सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इसके पश्चात बच्चों ने धार्मिक एवं देशभक्ति गीतों पर एकल गायन व नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। झांकी के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि, हिंदू धर्म में किसी प्रकार का ऊंच-नीच नहीं है, सभी समान हैं। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सतनामी समाज के प्रमुख छोटेलाल रात्रे उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिंह शामिल हुए। श्री सिंह ने कहा कि, हम सभी हिंदू भाई-भाई हैं और हमें एकजुट रहना चाहिए। उन्होंने पेंड्रा की प्राकृतिक विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि, यह क्षेत्र ऑक्सीजन जोन के समान है, जिसे प्रदूषण मुक्त बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन मातृ शक्तियों ने किया। सम्मेलन में जिपं अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष उपेंद्र बहादुर सिंह, संघ के जिला संघ चालक तीरथ प्रसाद बड़गैया, गौसेवा आयोग जिला अध्यक्ष रामजी श्रीवास, भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी, सभी वार्डों के पार्षद, भारत विकास परिषद सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं नगर के नागरिक उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन महिला मंडल की पदाधिकारी आरती सोनी ने किया।



### बालिकाओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

**मरवाही।** किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मविश्वास को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए दक्षिणाम सेवा फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास मरवाही में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉक्टर दिव्या ने किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टर दिव्या ने माहवारी के समय स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित आहार लेने और स्वयं की देखभाल के सरल उपाय भी बताए। दक्षिणाम सेवा फाउंडेशन की डायरेक्टर प्रियदर्शनी सिंह नहरेल ने कहा कि, किशोरावस्था में सही मार्गदर्शन मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने माहवारी के दिनों में स्वच्छता, सावधानी और सकारात्मक सोच बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में 74 वर्षीय उर्मिला राय ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बालिकाओं को संस्कार, आत्मसम्मान और संयम का महत्व बताया। गायत्री परिवार से जुड़ी आरती गुप्ता ने नैतिक मूल्यों, आत्मरक्षा और सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया।



कार्यक्रम का सफल संचालन छात्रावास अधिक्षिका आंचल तिवारी ने किया सुभाषिनी दुबे ने प्रत्येक कन्या छात्रावास में ऐसे कार्यक्रम करने हेतु दक्षिणाम सेवा फाउंडेशन से विशेष आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से सभी बालिकाओं को पेन एवं सेनेटरी पैड वितरित किए गए। कार्यक्रम में योग शिक्षक राजेंद्र सोनी, सूरज यादव, आवास कैवर्त, बिट्टी राय, कृष्णा राय, अरविंद्र चंद्रा की उपस्थिति और सहयोग रहा।

### अंकों व क्रिकेट पर सट्टा खिलाते 2 गिरफ्तार

**मुंगेली।** सायबर सेल एवं सिटी कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 13 जनवरी को चुड़ी लाइन गोलबाजार में जाहिद अली पिता वाहिद अली उम्र 35 वर्ष निवासी चुड़ी लाइन गोल बाजार को अंकों पर सट्टा खिलाते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के जिसके कब्जे से नकद 20 हजार रूपए सहित एक रियलमी मोबाइल कीमती 5 हजार जब्त किया गया। दूसरी घटना में नगर पालिका स्कूल के पास माजा एलेवन एप से क्रिकेट पर सट्टा खिलाते हुए आरोपी राज सोनी पिता रमेश उम्र 35 वर्ष निवासी सदर बाजार मुंगेली को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से वाट्सअप मे क्रिकेट संबंधी बातचीत व रकम लेनदेन पाए जाने से मोबाइल सैमसंग एस 25 अल्ट्रा कीमती 50 हजार रूपए को जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गय।



### नशा मुक्ति जनजागरण रैली व सत्संग आज

**मल्हार।** 'सत्य निज नाम बोध' संस्था की ओर से मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को एक दिवसीय नशा मुक्ति जनजागरण रैली व सत्संग का आयोजन मां डिडनेश्वरी मंदिर के पास स्थित सत्संग भवन में किया गया है। सबसे पहले सुबह 10 बजे मस्तूरी से मल्हार तक विशाल नशामुक्ति जनजागरण रैली निकाली जाएगी, जिसमे संस्था के हजारों लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू होंगे, और कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता प्रबल प्रताप जूदेव करेंगे। साथ ही विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक केएम बांधी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, एस कुमार मनहर, भाजयुमो अध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी, राजकुमार साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे, मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, अनिल कैवर्त सहित अन्य वरिष्ठ बतौर अतिथि शामिल होंगे।

### जिपं सभापति ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण



**पथरिया।** जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलखुरी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में जिला पंचायत सभापति अनिला ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ स्नेहपूर्ण संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से उनके पोषण संबंधी आदतों, विशेषकर फल एवं सब्जियों के सेवन को लेकर जानकारी ली और उन्हें संतुलित आहार के महत्व के बारे में समझाया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे पोषण आहार, स्वच्छता व्यवस्था, शिक्षण गतिविधियों एवं बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। संबंधित कार्यकर्ताओं को बच्चों की देखभाल, स्वच्छ वातावरण एवं गुणवत्तापूर्ण पोषण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अनिला ने कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आंगनबाड़ी केंद्रों को और अधिक सशक्त, संवेदनशील एवं प्रभावी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। नन्हे बच्चों का स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य ही सरकार एवं जनप्रतिनिधियों की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ली अफसरों की बैठक

# मतदाता सूची की शुद्धता पर विशेष ध्यान दें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रदेश के समस्त 33 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों डीईओ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में निर्वाचन से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिए कि नो मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी से संबंधित सभी लंबित मामलों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इन त्रुटियों के कारण मतदाता सूची की शुद्धता प्रभावित होती है, इसलिए इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि मतदाता सूची में पिता के नाम से संबंधित मिस्मैच की समस्या के निराकरण हेतु 15 तारीख तक क्लस्टर स्तर पर विशेष शिविर कैंप आयोजित किए जाएं, ताकि आम नागरिकों को सुविधा मिल सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर ने समस्त बीएलओ एवं नामित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने फॉर्म-6 के संकलन की प्रगति की जानकारी ली और जिन क्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई, वहाँ संबंधित अधिकारियों से कारणों की जानकारी लेकर शीघ्र सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों पर भावी मतदाताओं से फार्म 6 भरने की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया जावे। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित किया जावे। राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीलएलए से भी फार्म 6 के संकलन हेतु सहयोग लिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता बनाए रखना निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने बताया कि जिले के स्कूलों और महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म-06 भरकर संबंधित बीएलओ बूथ लेवल ऑफिसर के पास जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



### तिवारी परिवार का वार्षिक स्नेह सम्मेलन

**तखतपुर।** तिवारी परिवार ढनढन, देवरी, जरौंधा एवं राजपुर का वार्षिक स्नेह सम्मेलन पाल मंगलम में आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि माखन लाल तिवारी पहे एवं अध्यक्षता रामसेवक तिवारी ने की।

सम्मेलन में कुंती देवी, त्रिवेणी देवी, पुष्पा देवी, इंदिरा देवी, पुष्पा, गीता, प्रमिला, मृदुला, संगीता, सविता शर्मा, माखन लाल तिवारी, रामसेवक तिवारी, दिनदयाल तिवारी, राजेंद्र तिवारी, गीता प्रसाद तिवारी, धर्मपाल तिवारी, शिरोमणी तिवारी, प्रदीप तिवारी, राजेंद्र तिवारी का शॉल व श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही एमबीबीएस करने पर शुधांशु तिवारी, आरटीईओ आफिसर बनने पर अतुल तिवारी, प्रफुल्ल तिवारी, आशा शैलेंद्र तिवारी, सत्येंद्र तिवारी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बंशीलाल तिवारी ने स्वागत भाषण दिया व कार्यक्रम का संचालन पूर्व सचिव प्रदीप तिवारी ने किया। इस अवसर पर गीताप्रसाद पष्पा देवी, प्रदीप संगीता तिवारी, धरमपाल अंजु, अतुल रिचा, दीपक सीमा, यशपाल, संजीत, सरला, रश्मि, संदीप, शैलेन्द्र, अपर्णा, प्रफुल्ल, प्रतीक, सरस्वती, सरोज, संगीता, इन्द्राणी, कल्याणी, कमला, प्रमिला, प्रिया, पंकज तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, आशीष ब्रह्माणी, त्रिवेणी देवी, हिरेंद्र, रवि, प्रमोद कुमार, उमाशंकर मनोरमा, आयुष, मनोज सरला, अंकित प्रियंका, रवि, अजित, अशोक, रानी, विनोद कुमार, प्रफल्ल, सतीश कुमार नीलू, रितेश, प्राची, निलेश, नेहा, विशाल, सौम्या, अभ्युदय, शीला, राजेन्द्र कुमार, निशांत, आशा,प्रशांत, करुणा, अशोक, उषा, सिद्धार्थ, प्रदीप, कमलेश,लक्की तिवारी एवं अन्य परिजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।